रांची, मंगलवार, 18 मार्च 2025

संवत 2081, चैत्र कृष्णपक्ष 4 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 192 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



4 ▶▶ रंग, लोकगीत और परंपराओं का उत्सव

मुश्किल दौर में भी हार नहीं मानी, आईपीएल शुरू होने से पहले इमोशनल हुए हार्दिक पांड्या ◀◀ 6

# लेफ्टिनेंट कर्नल का शव बरामद, हत्या या आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

- खेलगांव हाउसिंग सोसाइटी परिसर से मिला शव , इलाके में मची सनसनी
- दिवाकर कुमार दीपाटोली कैंट में पोस्टेड थे
- उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी



संवाददाता

**रांची :** खेलगांव थाना क्षेत्र के खेलगांव हाउसिंग सोसायटी परिसर से लेफ्टिनेंट कर्नल का शव मिला है। शव के मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी है। कर्नल की पहचान दिवाकर कुमार के रूप में हुई है। वह दीपाटोली कैंट में पोस्टेड थे।

मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आशंका जताई जा रही है कि दिवाकर कुमार ने सातवें फ्लोर से कूदकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। लेफ्टिनेंट कर्नल दिवाकर के बारे में बताया जाता है कि वह मानसिक रुप से अस्वस्थ थे। पिछले एक साल से उनका इलाज चल रहा था। उनकी एक आदत थी कि वह बात करने के लिए छत पर चले जाते थे। कल रात भी वह किसी वक्त छत पर चले गए थे। वहां क्या हुआ, इसकी जानकारी नहीं है। उनके घर में पत्नी और बेटी थी। दोनों को इस बात की जानकारी नहीं थी कि वे छत पर कब गए। सुबह में पड़ोसी ने बताया कि उनका शव बिल्डिंग के नीचे पड़ा है। रात भर परिवार को लोगों को उनके घर से बाहर निकलने या छत पर जाने के बारे में पता नहीं चल पाया, इसकी जांच की जा रही है। सोसाइटी में शव मिलने की सूचना पर खेलगांव पुलिस की टीम पहुंची। टीम छत पर भी गई। लेकिन वहां कुछ नहीं मिला। बाद में मृतक की बेटी ने पुलिस को मोबाइल फोन सौंपा। बेटी ने पुलिस को यह भी बताया कि उसे किसी ने बताया था कि मोबाइल फोन छत पर है। जिसके बाद वह छत पर जाकर मोबाइल फोन ले आयी थी।

## रेलवे ट्रैक से महिला का शव बरामद



**रांची :** रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव बरामद हुआ है। यह मामला राजधानी रांची के विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित नयासराय टुण्ढुल के पास की है। जहां मंगलवार की सुबह डोरिया टोली रेलवे लाइन से एक महिला का शव मिला है। महिला का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया है।

स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो पायी है। आशंका जतायी जा रही है कि महिला की मौत ट्रेन से गिरकर या फिर ट्रेन की चपेट में आकर हुई है।

# नौ महीने बाद वापस लौट रही हैं सुनीता विलियम्स नासा ने शुरू किया मिशन का लाइव स्ट्रीमिंग



**नई दिल्ली :** अंतरिक्ष यात्री सुनीता वीलियम्स और बुच विल्मोर धरती पर वापसी कर रहे हैं। स्पेसएक्स के ड्रैगन यान में बैठकर 18 मार्च को दोनों अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से वापस धरती की ओर रवाना हो गए। नासा के तरफ से इस बचाव मिशन का लाइव स्ट्रीमिंग किया जा रहा है। नासा के दोनों अंतरिक्ष यात्री 8 दिन के मिशन के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन गये थे। लेकिन तकनीकी समस्या के कारण वापस नहीं लौट पाए। अब पूरे 9 महीने बाद उन्हें वापस लाया जा रहा है।

**कब लौटेंगे सुनीता वीलियम्स और बुच विल्मोर? :** सुनीता वीलियम्स और बुच विल्मोर नासा के दो अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आईएसएस से रवाना हो गए। जानकारी के हिसाब से इस पूरे सफर में 17 घंटे का समय लगेगा।

भारतीय समय के हिसाब से 18 मार्च की सुबह अंतरिक्ष यान को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से धरती की ओर रवाना किया गया। 19 मार्च की सुबह 2 बजकर 41 मिनट पर ड्रैगन यान वायुमंडल में प्रवेश करेगा। सुबह 3 बजकर 27 मिनट पर दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को गुल्फ ऑफ मैक्सिको में लैंड करवाया जाएगा। हालांकि सटीक लैंडिंग की जगह मौसम को देखते हुए बदली भी जा सकती है।

इसी दिन सुबह धरती पर वापसी को लेकर 19 मार्च को 5 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस रखा जाएगा।

**लैंडिंग के बाद क्या होगा? :** जानकारी के मुताबिक दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को लैंडिंग के बाद नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर लेकर जाया जाएगा, जहां उनका मेडिकल चेकअप किया जाएगा। अधिक दिनों तक अंतरिक्ष पर हड्डियां, मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। इससे मानसिक समस्या होने का खतरा बना रहता है। इसलिए यह चेकअप करवाना जरूरी है।

**मिशन का लाइव स्ट्रीमिंग शुरू:** नासा ने पोस्ट कर मिशन की लाइव स्ट्रीमिंग करने की जानकारी दी है। सोमवार की रात 10 बजे से स्ट्रीमिंग शुरू की गई है, जहां कैप्सूल का दरवाजा बंद करते दिखाया गया है।

# प्रधानमंत्री से राज्यपाल ने की शिष्टाचार मुलाकात



**नई दिल्ली/ रांची:** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की तथा राज्य के विकास व विधि-व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

राज्यपाल महोदय ने इस अवसर पर राज भवन, राँची द्वारा प्रकाशित 'राज भवन पत्रिका' की प्रति प्रधानमंत्री को भेंट की। विदित हो कि यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक राज भवन, झारखण्ड की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।

# बैरिकेडिंग तोड़ ट्रैक पर पहुंचा डंपर,आ गई मालगाड़ी, उड़ गए परखच्चे, एक दर्जन ट्रेनें प्रभावित



**अमेठी :** यूपी के अमेठी में मंगलवार की तड़के लखनऊ-सुल्तानपुर रेल ट्रैक पर भीषण हादसा हो गया। यहां निहालगढ़ के पूरे शोहरत स्थित रेलवे क्रासिंग बंद हो रही थी। इसी समय तेज रफ्तार डंपर रेल क्रॉसिंग के एक साइड का बूम तोड़ते हुए ट्रैक पर पहुंच गया। गेटमैन ने देखा तो फाटक बंद करके भाग गया। इससे डंपर ट्रैक पर फंसा रह गया।

कुछ देर में ही मालगाड़ी आ गई। ट्रेन ट्रैक पर खड़े डंपर को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। ट्रेन में फंसकर डंपर करीब 100 मीटर तक घिसटता रहा। इससे ट्रैक के कई पोल क्षतिग्रस्त हो गए। लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। रेल परिचालन बाधित हो गया। डंपर के परखच्चे उड़ गए। डंपर की लोहे की चादर ट्रेन के इंजन के आगे की हिस्से में चिपक गई। इंजन के कांच टूट गए।

दरअसल, पूरे शोहरत रेलवे क्रासिंग पर तैनात गेटमैन आनंद हर्ष वर्धन को निहालगढ़ रेलवे स्टेशन से वाराणसी की तरफ जा रही मालगाड़ी के आने का संकेत मिला। इस पर फाटक बंद कर रहा था। इसी बीच रायबरेली से अयोध्या जा रहा डंपर क्रॉसिंग का बूम तोड़ते हुए रेल ट्रैक पर पहुंच गया। डंपर को ट्रैक पर देखने के बाद भी गेटमैन ने क्रासिंग पूरी तरह बंद कर दी।

क्रॉसिंग बंद होने से डंपर चालक ने डाउन रेल लाइन किनारे वाहन खड़ा करके गेटमैन से क्रासिंग खोलने की बात कही। लेकिन, गेटमैन उसकी बातों को अनसुना करते हुए मौके से भाग निकला। चालक जब तक गाड़ी आगे पीछे करता तब तक मालगाड़ी आ गई। मालगाड़ी से टकराने के बाद डंपर 100 मीटर तक घिसटता चला गया।

## एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों का परिचालन हुआ प्रभावित

**हादसे** के बाद इस रूट पर रेल परिचालन प्रभावित हो गया। आलम यह रहा रहा कि मेमो ट्रेन, शटल, एक्सप्रेस, कुंभ एक्सप्रेस, सुल्तानपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनल, बेगमपुरा एक्सप्रेस, कोटा पटना एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस और महामना एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से गुजारा गया। इससे ट्रेनों पर सवार यात्रियों के साथ स्टेशन पर प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे की ओर सुबह 8 बजे सूचना प्रसारित ट्रेनों के दो बजे तक कोई भी ट्रेन नहीं आएगी।

## सारंडा में पुलिस और नक्सली के बीच मुठभेड़,आईईडी ब्लास्ट, एक जवान घायल

**चाईबासा:** सुरक्षाबलों द्वारा चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ की घटना जराईकेला थाना क्षेत्र के राधा पोड़ा के जंगल में हुई है। जहां मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया है। इस घटना में सीआरपीएफ के 134 बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार घायल हुए हैं। उन्हें एयरलिफ्ट करके इलाज के लिए रांची लाया जा रहा है। लगातार जारी है अभियानः नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया और अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। जिसे लेकर सुरक्षाबलों के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान सोमवार को नक्सली संगठन के शीर्ष नेता अजय महतो के अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा क्षेत्र में भ्रमणशील होने की सूचना प्राप्त हुई। जिसको लेकर गुवा थाना के आसपास पहाड़ी और जंगली क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। नक्सलियों की साजिश को नाकाम किया गया थाः सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। एसपी आशुतोष शेखर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने कई पुराने नक्सल डंप को ध्वस्त कर दिया था। यह कार्रवाई जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी जंगल में हुई थी। जहां नक्सल डंप से एक देशी पिस्टल, दो कार्बाइन, एक रायफल, दस किलो का आईईडी, 58 डेटोनेटर समेत अन्य सामान बरामद किया है। सुरक्षाबलों को टारगेट करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में यह विस्फोटक और हथियार छिपाकर रखा गया था।

औरंगजेब कब्र विवाद

# हिंसा के बाद नागपुर के 10 इलाकों में कर्फ्यू 65 उपद्रवी हिरासत में, 25 पुलिसवाले घायल



**नागपुर:** नागपुर में औरंगजेब की कब्र को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। नागपुर के महाल में सोमवार रात दो गुटों के बीच हिंसा भड़क गई थी। महाल के बाद देर रात हंसपुरी में भी हिंसा हुई। अज्ञात लोगों ने दुकानों में तोड़फोड़ की और वाहनों में आग लगा दी। प्रशासन ने हिंसा के बाद कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। महाल में हुई हिंसा में कई लोग घायल हुए। इनमें पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। उग्र भीड़ ने 25 से अधिक बाइक और 3 कारों को आग के हवाले कर दिया। अब तक 60 से 65 दंगाइयों को हिरासत में लिया गया है जबकि 25 से 30 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

यह हिंसा समभाजी नगर में औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद के बीच हुई। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने इस कब्र को ध्वस्त करने की मांग की थी। दोनों समूहों ने सोमवार सुबह नागपुर में भी प्रदर्शन किया था, इसके कुछ ही घंटों बाद हिंसा भड़क उठी। नागपुर पुलिस का कहना है कि अफवाहों की वजह से झड़प हुई। नागपुर पुलिस के डीसीपी (ट्रैफिक) अर्चित चांडक ने बताया कि घटना गलतफहमी की वजह से हुई लेकिन स्थिति अब नियंत्रण में है। पत्थरबाजी हो रही थी, इसलिए हमने बल प्रयोग किया और आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया। अपराधियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। नागपुर के पुलिस आयुक्त डॉ। रविंदर सिंघल ने आश्वस्त किया है कि हालात नियंत्रण में हैं। वहीं सीएम फडणवीस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

हिंसा भड़कने के बाद नागपुर के कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 163 लागू की गई है। यह कर्फ्यू कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पचपाओली, शांतिनगर, शक्करदारा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरानगर और कपिलनगर में लागू किया गया है।

लैंड फॉर जॉब मामला

# ईडी ने राबड़ी-तेज प्रताप को आज पूछताछ के लिए बुलाया, लालू को भी भेजा समन



**नई दिल्ली :** नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू यादव को ईडी ने तलब किया है। जानकारी के मुताबिक उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। लालू के साथ ही राबड़ी यादव और तेज प्रताप यादव को भी जांच एजेंसी तलब किया है। ईडी ने उन्हें पटना जोनल ऑफिस में पेश होने के लिए कहा है। तेज प्रताप और राबड़ी देवी को आज बुलाया गया है, जबकि लालू यादव को कल यानी बुधवार के लिए बुलाया गया है। बता दें लैंड फॉर जॉब स्कैम केस साल 2004 से 2009 के बीच ग्रुप-डी पदों पर हुई नियुक्तियों से जुड़ा है। आरोप है कि लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान उम्मीदवारों से अपने परिवार के नाम पर जमीन हस्तांतरित करवाई गई थी और इसके बदले में उन्हें रेलवे में नौकरियां दी गईं। सीबीआई ने 18 मई 2022 को लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी, दो बेटियों, अज्ञात सरकारी अधिकारियों और कुछ निजी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में अब तक 30 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति मिल चुकी है। आरोप है कि 2004 से 2009 तक भारतीय रेलवे के अलग-अलग जोन में ग्रुप डी पदों पर कई लोगों को नियुक्त किया गया था और बदले में इन लोगों ने अपनी जमीनें तत्कालीन रेल मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों और उनसे संबंधित कंपनी एके इन्फोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर कर दिया था।

लोकसभा में बोले पीएम मोदी

# महाकुंभ में पूरे विश्व ने देखा भारत की एकता का विराट स्वरूप



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि प्रयागराज में गंगा यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी संगम पर आयोजित महाकुंभ ने आज के बिखराव भरे विश्व में भारत की एकता एवं राष्ट्रीय चेतना का विराट प्रदर्शन किया है और हमारा दायित्व है कि अनेकता में एकता को हम बढ़ाते रहें एवं राष्ट्रीय चेतना को जागृत रखें। पीएम मोदी ने लोकसभा में मंगलवार को शून्यकाल में महाकुंभ पर एक वक्तव्य दिया। पीएम मोदी ने कहा, आज मैं इस सदन के माध्यम से कोटि-कोटि देशवासियों को नमन करता हूं, जिनकी वजह से महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ। महाकुंभ की सफलता में अनेक लोगों का योगदान है। मैं सरकार के, समाज के सभी कर्मयोगियों का अभिनंदन करता हूं। मैं देशभर के श्रद्धालुओं को, उत्तर प्रदेश की जनता विशेषतौर पर प्रयागराज की जनता का धन्यवाद करता हूं।

उन्होंने कहा, हम सब जानते हैं, गंगा जी को धरती पर लाने के लिए एक भगीरथ प्रयास लगा था, वैसा ही महाप्रयास इस महाकुंभ के भव्य आयोजन में भी हमने देखा है। मैंने लाल किले से सबका प्रयास के महत्व पर जोर दिया था। पूरे विश्व ने महाकुंभ के रूप में भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए। सबका प्रयास का यही साक्षात स्वरूप है। ये जनता जनार्दन का, जनता जनार्दन के संकल्पों के लिए जनता जनार्दन की श्रद्धा से प्रेरित महाकुंभ था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष, अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हमने महसूस किया था कि कैसे देश एक हजार वर्षों के लिए तैयार हो रहा है। इसके ठीक एक साल बाद, महाकुंभ के आयोजन ने हम सबके इस विचार को और दृढ़ किया है। देश की ये सामूहिक चेतना देश का सामर्थ्य बताती है। उन्होंने काह कि मानव जीवन के इतिहास में ऐसे मोड़ आते हैं जो सदियों तक याद किये जाते हैं, ऐसे पल आते हैं जो देश को नयी दिशा देने और जागृति लाने का काम करते हैं। भक्ति आंदोलन में भारत की आध्यात्मिक चेतना फिर से जागृत हुई थी। स्वामी विवेकानंद का शिकागो में भाषण ने भारतीयों के मन में स्वसंस्कृति के प्रति स्वाभिमान एवं गौरव का भाव जगा दिया था। प्रयागराज महाकुंभ भी ऐसा ही एक महापड़ाव था जिसमें देश में अपनी संस्कृति के प्रति गौरव एवं स्वाभिमान के भाव को जागृत देखा।

पीएम मोदी ने कहा, ये उमंग उत्साह यहीं तक सीमित नहीं रहा। पिछले हफ़्ते मैं मॉरीशस में था और मैंने महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम से पवित्र जल लाया था। जब इसे मॉरीशस के गंगा तालाब में मिलाया गया तो आस्था एवं उत्साह का माहौल देखते हुए बन रहा था। नजारा देखने लायक था। इससे पता चला कि हमारी परंपरा एवं संस्कृति का जश्न मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह देख रहे हैं कि पीढ़ी दर पीढ़ी संस्कार कैसे आगे जा रहे हैं। युवा पीढ़ी श्रद्धाभाव से महाकुंभ के उत्सव से जुड़ी रही। समाज में विरासत को लेकर गर्व का भाव बढ़ता है तो ऐसी तस्वीरें बनतीं हैं जो महाकुंभ में दिखायीं दीं। अपनी विरासत से जुड़ने की भावना एक पूंजी है।

उन्होंने कहा कि इस महाकुंभ से अनेक अमृत निकले हैं। एकता इसका पवित्र प्रसाद है। देश के कोने कोने से आये लोग संगम में स्नान करके एक हो गये। अलग अलग बोली भाषा बोलने वाले संगम तट पर हर हर गंगे बोल कर एक हो गये। छोटे बड़े का कोई भेद नहीं था। यह भारत का बहुत बड़ा सामर्थ्य दिखायी दिया। इसने दिखाया कि एकता का बहुत सशक्त तंत्र देश के भीतर ही रचा बसा है जो उसे भेदने के सारे प्रयास को ही भेद देता है। प्रधानमंत्री ने कहा, विश्व में आज बिखराव की स्थितियां हैं और इस बीच भारत में एकजुटता का विराट प्रदर्शन हमारी बहुत बड़ी ताकत है। हमारा दायित्व है कि हम अनेकता में एकता को हम समृद्ध करते रहें। उन्होंने कहा कि इस महाकुंभ से प्रेरणाएं मिलीं हैं। देश में अनेक छोटी बड़ी नदियां हैं। इस बारे में जरूर सोचना चाहिए। नदियों की साफ सफाई को बल मिलेगा।

न्यूज ब्रीफ

## मंईयां योजना की राशि के लिए सीओ कार्यालय में लगी महिलाओं की लंबी लाइन



बोकारोः मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लगभग सभी लाभुक महिलाओं को योजना की राशि मिल चुकी है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक कुछ महिलाओं के खाते में अभी तक योजना की राशि नहीं आई है। इसे लेकर अंचल कार्यालयों में महिलाओं की भीड़ लग रही है।

बीते सोमवार को भारी संख्या में महिलाएं धनबाद सीओ कार्यालय में पहुंची। भीड़ इतनी अधिक थी कि अंचल कार्यालय गेट से लेकर सड़क तक महिलाओं की लंबी कतार लग गयी थी। भीड़ में महिलाएं आपस में ही लड़ने लगी। कई बार महिलाओं में बहस हुई। मामला पुलिस तक पहुंच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को शांत कराया। महिलाओं ने बताया कि उन्हें शुरू में महिला सम्मान योजना का पैसा मिला, लेकिन दूसरे माह से खाता में पैसा नहीं आया। वहीं, कुछ महिलाएं ऐसी थी जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन तो कर दिया है, लेकिन हार्ड कॉपी जमा नहीं की। वह हार्ड कॉपी जमा कर अपडेट कराने पहुंची थीं। कई ऐसी भी महिलाएं थी, जिनके आवेदन में त्रुटि थी।

एक महिला ने बताया कि पिछले 3 माह से दौड़ रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। कभी चेक कर बताने की बात कही जाती है, तो कभी साइट नहीं खुलने व कभी सर्वर डाउन, तो कभी साइट बंद होने का बहाना बनाया जा रहा है। लगातार हमें दौड़ाया जा रहा है।

## फ्लाईओवर रैंप को लेकर सड़क पर उतरा आदिवासी संगठन



**रांचीः** विभिन्न आदिवासी संगठनों ने बीते सोमवार को रांची में सरना स्थल (पवित्र आदिवासी धार्मिक स्थल) के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर को लेकर विरोध जताने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित अन्य आदिवासी विधायकों की 5 किलोमीटर लंबी सांकेतिक शव यात्रा निकाली।

प्रदर्शनकारियों ने सिरम टोली में बनाए जा रहे रैंप' को हटाने की मांग की। उन्होंने दावा किया कि इससे सरना स्थल तक पहुंचने में बाधा आ रही है और वाहनों की लगातार आवाजाही से इस धार्मिक स्थल की पवित्रता भंग हो सकती है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई, तो वे 22 मार्च को रांची बंद करेंगे। पारंपरिक आदिवासी परिधान पहने सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं ने आदिवासी विधायकों की सांकेतिक शव यात्रा में हिस्सा लिया, जो सिरम टोली से शुरू होकर अल्बर्ट एक्का चौक पर समाप्त हुई।

अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शनकारियों ने रांची विधायक सीपी सिंह और सांसद संजय सेठ के साथ-साथ 28 आदिवासी विधायकों के पुतले जलाए तथा सांकेतिक रूप से उनका अंतिम संस्कार किया।

## डायन के अंधविश्वास में महिला की हत्या, शव को बालू में दफनाया

**रांचीः** झारखंड के गुमला शहर में डायन और जादू-टोना के अंधविश्वास में 50 वर्षीय एक महिला की हत्या कर उसका शव नदी के किनारे बालू में गाड़ दिया गया। पुलिस ने सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए महिला का शव बरामद किया। इस हत्याकांड को अंजाम देने के आरोपी कर्मपाल लकड़ा को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पुलिस के सामने जुर्म कबूल कर लिया है। गुमला के फाट्टी बगीचा टोली निवासी महिला चार दिनों से लापता थी। उसके पुत्र ने इस संबंध में गुमला सदर थाने को लिखित सूचना दी थी। इसमें बताया गया था वह मुहल्ले में ही स्थित अपने दूसरे घर में जाने के लिए निकली थी। इसके बाद से वह लापता थी। महिला के पुत्र ने अंधविश्वास में अपनी मां की हत्या की आशंका जताई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद गुमला जिले के एसपी के निर्देश पर डॉग स्क्वायड की मदद से महिला की तलाश शुरू हुई। इस दौरान पहले एक चप्पल और तौलिया बरामद हुआ। पुलिस ने संदेह के आधर पर महिला के पड़ोसी कर्मपाल लकड़ा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, जो उसने हत्या कर शव को दफन करने की बात स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर खटवा नदी के पास बालू में दफन महिला का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर हॉस्पिटल भेजा है। आरोपी कर्मपाल लकड़ा से पूछताछ में पता चला कि उसकी भाभी की मौत 2019 में सर्पदंश की वजह से हो गई थी। उस वक्त उसने पड़ोसी महिला पर डायन होने और जादू-टोना करने का आरोप लगाया था। यह मामला थाने तक भी पहुंचा था। उस वक्त पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था, लेकिन कर्मपाल का अंधविश्वास दूर नहीं हुआ था। मौका पाते ही उसने महिला की हत्या कर दी और लाश को बालू में दफन कर दिया। पुलिस को इस मामले में कुछ अन्य लोगों के शामिल होने का संदेह है। आरोपी से इस संबंध में पूछताछ चल रही है।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मिले संगठन प्रभारी से

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल से नयी दिल्ली में उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। उन्होंने संगठन प्रभारी को विगत 06 फरवरी से 10 फरवरी तक झारखंड में प्रमंडलवार आयोजित संगठन सृजन परिचर्चा कार्यक्रम की जानकारी दी तथा मंत्रियों को प्रमंडलवार एवं विधायकों को जिलावार जिम्मेवारी एवं कांग्रेस मंत्रियों के कार्यों से भी अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू भी उपस्थित थे।

प्रदेश अध्यक्ष ने झारखंड में चल रहे संविधान बचाओ पदयात्रा कार्यक्रम से अवगत कराते हुए कहा कि यह कार्यक्रम पंचायत, प्रखंड स्तर पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को एक साल तक राज्य के सभी जिला, प्रखंड एवं पंचायत तक पहुंचाना है। वेणुगोपाल ने इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस के मंत्रियों, विधायक दल के नेता, उपनेता, विधायकों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों को उस क्षेत्र में रहने का निर्देश दिया है, ताकि इस कार्यक्रम का संदेश आमजन तक पहुंच सके।

# सरहुल एक अप्रैल को, मुख्यमंत्री से 3 दिवसीय राजकीय अवकाश की मांग

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** एक अप्रैल को झारखंड में सरहुल महापर्व मनाया जाएगा। बिरसा विकास जनकल्याण समिति ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सरहुल महापर्व को लेकर 3 दिवसीय राजकीय अवकाश की मांग की है।

समिति ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की कि झारखंड में सरुहल महापर्व के लिए 3 दिन का अवकाश घोषित किया जाये ताकि राज्य के आदिवासी हर्षोल्लास के साथ इस पर्व को मना सकें। समिति के संरक्षक चिलगु लकड़ा ने कहा कि सरहुल पूजा आदिवासियों का मुख्य पर्व है, जिसमें आदिवासियों की धार्मिक पहचान प्रदर्शित होती है। समिति ने सरहुल पूजा में पारंपरिक नृत्य, गीत, वेशभूषा में ही सरहुल पर्व मनाने का समाज से आग्रह किया है। बिरसा विकास जन कल्याण समिति मिसिर गोंदा के पाहन बिरसा पाहन ने बताया कि 31 मार्च 2025 (बुधवार) को उपवास रखा जाएगा और पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार केकड़ा-मछली पकड़ने की परंपरा निभाई जाएगी। शाम 7 बजे कांके डैम पार्क स्थित सरना स्थल में जल रखाई पूजा होगी। 1 अप्रैल 2025 (गुरुवार) को सुबह 7 बजे सरना पूजा स्थल पर पूजा-अर्चना होगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे मिसिर गोंदा से सिरम टोली सरना स्थल तक सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी। 2 अप्रैल 2025 (शुक्रवार) को फूलखोंसी (पुष्प अर्पण) पूजा का आयोजन होगा। समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि इस वर्ष सरहुल को और भव्य तरीके से मनाया जाएगा। भव्य शोभायात्रा के जरिए आदिवासी समाज की संस्कृति और एकता का प्रदर्शन किया जाएगा।



सरहुल भारत के झारखंड राज्य में मनाया जाने वाला एक वसंत ऋतु का त्यौहार है, जो नए साल की शुरूआत का प्रतीक है। यह त्यौहार चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष के तीसरे दिन से चैत्र पूर्णिमा तक 3 दिनों तक चलता है। त्यौहार के दौरान, गांव के पुजारी, जिन्हें पाहन के नाम से जाना जाता है, गांव की समृद्धि के लिए सूर्य, गांव के देवता और पूर्वजों को सरना में फूल, फल, सिंदूर, एक मुर्गा और तपन (शराब) की बलि चढ़ाते हैं। अनुष्ठान के बाद, स्थानीय लोग साल के फूल पकड़कर नृत्य करते हैं।इस त्योहार में लोग सरना में पूजा करते हैं। इस दिन हल चलाना वर्जित होता है। त्योहार के एक दिन पूर्व लोग व्रत रखते हैं। युवा लोग पास के जंगल से साल के फूल इकट्ठा करते हैं और केकड़े और मछली पकड़ते हैं। त्योहार के अवसर पर लोग ढोल, नगाड़ा और मांदर की थाप पर सरना जाते हैं। वे साल के वृक्ष की पूजा करते हैं और देवताओं को साल के पेड़ के फूल शालाई चढ़ाते हैं। गांव के पुजारी पाहन (जिसे कभी-कभी लाया या देउरी भी कहा जाता है) और पुजारी गांव के देवता को गांव की समृद्धि के लिए साल के फूल, फल, सिंदूर, तीन मुर्गे और तपन (शराब) सहित बलि चढ़ाते हैं। पाहन अलग-अलग रंग के तीन मुर्गों की बलि देते हैं झ प्रत्येक मुर्ग सूर्य, गांव के देवताओं और पूर्वजों को समर्पित होता है। पाहन सरना में पानी का एक घड़ा रखता है लोग अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए घर पर पूजा करते हैं और उन्हें विभिन्न प्रकार के भोजन अर्पित करते हैं। ये प्रसाद चढ़ाने के बाद ही वे भोजन करते हैं। इसके बाद, वे ढोल, नगाड़ा और मांदर की थाप पर गाते और नाचते हैं, साथ ही चावल की बीयर, हंडिया भी पीते हैं।

### गिरिडीह में हुए विवाद पर राजनीतिक बयानबाजी तेज

## सता पक्ष और विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी



**मेट्रो रेज संवाददाता**

गिरिडीह : होली के दिन गिरिडीह के घोड़थंबा में दो समुदायों के बीच हुई झड़प अब झारखंड की राजनीतिक तपिश को बढ़ा चुका है। प्रदेश भाजपा के तमाम बड़े नेता चाहे वो बाबूलाल मरांडी हो या पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास राज्य सरकार पर हमलावर हैं। दोनों नेताओं द्वारा घटना स्थल का जायजा लिया गया। भाजपा के या से राज्य सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया गया है। वहीं, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ हिंदू मुस्लिम में लड़वाना चाहती है।

पिछले दिनों राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास गिरिडीह घटना स्थल पहुंचे। रघुवर दास ने अधिकारियों को जमकर फटकारा। उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द कायम रखने का ठेका सिर्फ हिंदू समाज ले रखा है क्या? मीडिया को सम्बोधित करते हुए उन्होंने राज्य सरकार पर तुष्टीकरण का आरोप लगाया, कहा कि अब राज्य में हिंदू समाज शांति पूर्वक अपना त्योहार भी नहीं मना सकता, सड़क क्या किसी की बपौती है। राज्य सरकार सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करती है, वो शायद भूल रहे हैं कि सरकार की जिम्मेदारी है, सभी समुदायों की सुरक्षा। न की केवल एक समुदायों के लिए कार्य करना।

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने दिया बड़ा बयानः जहां भाजपा पूरी तरह राज्य सरकार पर हमला है। दूसरी ओर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने बड़ा बयान दे दिया। उन्होंने जनता को संदेश देते हुए कहा, झारखंड में आपसी भाईचारे को बनाकर रखें। सौहार्द को न बिगड़ने दें। भाजपा नेताओं का तांडव कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने तंज कष्ट हुए कहा, छत्तीसगढ़ के तथाकथित नेता माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। भाइयों के बीच अगर लड़ाई हो तो उसे समझना चाहिए, न कि आग लगाने का काम करना चाहिए। ऐसे नेताओं पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करे। किसी भी सूरत पर झारखंड का सामाजिक सौहार्द को नहीं बिगड़ने दिया जाएगा। पुलिस भाजपा के दवाब में काम न करें, दोषियों पर उचित कारवाई करें।

हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हर जिले में किया जाएगा आंदोलन : बाबूलाल मरांडी

नेता प्रतिपक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह के घोड़थंबा में होली जुलूस पर पथराव और आगजनी के शिकार पीड़ितों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली। पीड़ितों से मुलाकात करने के बाद नेता प्रतिपक्ष बाबुलाल मरांडी ने कहा, गिरिडीह में जो हुआ रूह कंपाने वाली घटना और बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। आज अपने ही देश में हिंदुओं को अपना त्योहार मनाने पर प्रताड़ित किया जा रहा है। राज्य सरकार हिंदू समाज के भावनाओं के साथ खेलना बंद करें। हिंदू समाज के ऊपर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ हर जिले में जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

## दोस्त के साथ मिलकर नाबालिग बेटी से किया सामूहिक दुष्कर्म

बोकारो : जिले में पिता और बेटी के बीच शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पिता ने अपने दोस्त के साथ मिलकर अपनी 11 साल की नाबालिग बेटी के साथ गैंगरेप किया। घटना के बाद से आरोपी पिता फरार है। हालांकि पुलिस ने वारदात में शामिल उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची ने देर रात अपनी मां को घटना के बारे में बताया था और होली के अगले दिन पीड़िता की मां उसे थाने लेकर आई। घटना होली की रात की है, लेकिन अब तक इस मामले का मुख्य आरोपी पकड़ा नहीं जा सका है। पुलिस आरोपी पिता को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पीड़िता और एक आरोपी की मेडिकल जांच कराई गई है, ताकि सबूत जुटाए जा सकें। आरोपी पिता ने पत्नी से बोला झूठ घटना बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र की है। यहां एक पिता ने अपने दोस्त के साथ मिलकर अपनी 11 साल की बेटी के साथ गैंगरेप किया। होली की रात 11 बजे की है। आरोपी पिता अपनी पत्नी से छिपकर बेटी को पड़ोसी के घर जाने के बहाने घर से बाहर ले गया, जहां उसका आरोपी दोस्त कार लेकर इंतजार कर रहा था। फिर आरोपी अपने दोस्त और अपनी बेटी को लेकर पास की पहाड़ी पर पहुंचा। वहां, लड़की कुछ समझ पाती, उससे पहले ही दोनों ने बारी-बारी से उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। लड़की घंटों दरिंदगी झेलती रही। जिस पिता पर लड़की की सुरक्षा की जिम्मेदारी थी, उसने ही उसकी इज्जत तार-तार कर दी। किसी तरह लड़की घर पहुंची और अपनी मां को आपबीती बताई। अगले दिन लड़की अपनी मां के साथ थाने पहुंची घटना की जानकारी होने पर मां का धैर्य जवाब दे गया। रात होते ही वह लड़की को लेकर थाने पहुंची, जहां उसकी शिकायत पर आरोपी पिता और उसके दोस्त के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई। लड़की को मेडिकल जांच के लिए भेजने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई। रविवार रात को एक आरोपी लक्खी चंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि आरोपी पिता की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की मेडिकल जांच भी कराई है। इसके साथ ही डिजिटल साक्ष्य जुटाने में जुटी है।

## फर्नीचर दुकान में लगी आग, लाख की संपत्ति जलकर खाक

**झरिया :** पाथरडीह थाना क्षेत्र के गेट के समीप स्थित परी फर्नीचर की दुकान में सोमवार को अचानक आग लग गई। आग लगने से पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। आग इतनी भयानक थी कि दूर-दूर तक उसकी लपटें और धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पास के थाना और अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने की प्रक्रिया में जुट गई। अग्निशमन विभाग और स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि दुकान का सारा सामान जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। घटना के संबंध में दुकान के मालिक सोमनाथ गुप्ता ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। हालांकि असली कारण का अभी तक पता नहीं चल सका है। स्थानीय और अग्निशमन विभाग की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में एक लाख रुपये से अधिक का सामान जलकर खाक हो गया है। पुलिस इस घटना की जांच में जुट गई है।

## आदिवासी समाज को बरगलाने की कोशिश : अजय

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** आदिवासी समाज सिरम टोली-मेकॉन फ्लाई ओवर का रैंप हटाने को लेकर विरोध कर रहे हैं। इस बीच केंद्रीय सरना समिति का अध्यक्ष अजय तिर्की ने प्रेस बयान जारी कर इस आंदोलन और विरोध को दिशाहीन करार दिया है। अजय तिर्की का कहना है कि विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से जुड़े नेता अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए आदिवासियों के जनभावनाओं के साथ खेल रहे हैं। वे अपने राजनीतिक प्रभाव को बढ़ाने के लिए आदिवासी समाज को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं।




केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष का कहना है कि सरना स्थल के पास फ्लाईओवर के रैंप का निरीक्षण समाहरणालय के अधिकारियों ने किया था। इस दौरान उन्होंने कनेक्टिंग फ्लाईओवर के नाम पर सरना स्थल की दस फीट की जमीन का अधिग्रहण करने की बात कही थी। हालांकि बाद में उन्होंने यह सुनिश्चित किया था कि सरना स्थल की दस फीट जमीन का अधिग्रहण नहीं किया जायेगा।अजय तिर्की ने कहा कि एक अप्रैल को भव्य रूप से सरहुल पर्व मनाया जायेगा। लेकिन वर्तमान में केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली में अतिक्रमण और रैंप को हटाने को लेकर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा आंदोलन और विरोध किया जा रहा है, जो पूरी तरह से दिशाहीन है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी से जुड़े नेता अपनी राजनीतिक स्वार्थों के लिए जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और आदिवासी समाज को गलत कार्य करने के लिए उकसा रहे हैं। इस तरह की गतिविधियों से सरहुल पर्व को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है।

# सरना पूजा को लेकर दो दिन निरामिष भोजन करते हैं ग्रामीण





**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मुरीः** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत जालुंहोटांग गांव वाले सरना पूजा को लेकर हर बुधवार व गुरूवार को निरामिष भोजन ग्रहण करते हैं। ऐसी परम्परा यहां काफी बरसों से चली आ रही है। गांव के सरना भाई-बहनों का कहना है कि सप्ताह के हर बुधवार व गुरूवार को सरना स्थल पर विधिवत रूप से पूजा पाठ कर परिवार , समाज और जंगल,पशु पक्षी की सुरक्षा की कामना करते हैं। हा साल 27 जनवरी को विशाल सरना मेला लगता है। काफी दूर- दूर से आदिवासी भाई - बहन यहां आते हैं। जालुंगहोटांग के आदिवासी भाई बहन बताते हैं कि हरेक बुधवार - गुरूवार को गांव में मीट -मछली नहीं बनता है। दो दिन ग्रामीण शाकाहारी भोजन करते हैं। सभी लोग सरना ड्रेस पहनते हैं।

होली के बाद आज से बजट सत्र फिर शुरू : सरमटोली फ्लाईओवर मामले में मुख्यमंत्री ने कहा-

# चिंता की बात नहीं, सरहुल बढ़िया से मनेगा



संवाददाता

**रांची :** आज यानी मंगलवार को फिर से झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत हो गयी झारखंड विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान मंगलवार को ध्यानाकर्षण के जरिये सीपी सिंह ने सिरमटोली फ्लाईओवर मामले को सदन में रखा। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर को लेकर वहां के लोग आंदोलनरत है।

मेरे साथ-साथ सीएम सहित अन्य मंत्रियों का पूतला फूंका गया। यह मेरे विधानसभा में आता है। सरहुल में वहां पूजा अर्चना होती है। हजारों-हजार लोग वहां आते हैं। इसका समाधान जल्द किया जाए।

इस पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सामाजिक संगठनों के माध्यम से यह विषय मेरे पास आया है। चिंता की कोई बात नहीं है। सरहुल मनेगा और बढ़िया से मनेगा।

## घोड़थम्भा हिंसा को लेकर बीजेपी का जबरदस्त हंगामा

**रांची:** आज यानी मंगलवार को फिर से झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत हो गयी।

बजट सत्र के 12वें दिन विधानसभा में बीजेपी ने गिरिडीह के घोड़थम्भा में हुई हिंसा को लेकर जबदस्त हंगामा किया। सदन की कार्यवाही 11.06 मिनट पर शुरू हुई और विपक्ष के सदस्य हंगामा करने लगे। बीजेपी के सदस्यों द्वारा किये जा रहे हंगामे के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। शून्यकाल में गिरिडीह की घटना पर बीजेपी विधायक राज सिन्हा ने कार्यस्थगन प्रस्ताव रखा।

बीजेपी नेता और नेता प्रतिपक्ष विधानसभा में गिरिडीह मामले को लेकर बहस करने की मांग पर अड़े रहे। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इसपर कहा कि ऐसे मामले में पक्ष और विपक्ष संवेदनशील होते



है। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप लोगों की राजनीति है हिंदू-मुस्लिम करना। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि यहां के लोग बधाई के पात्र है कि हिंदू समाज और मुस्लिम समाज के लोगों ने मिलकर होली खेली है और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल कायम की है। बीजेपी की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि इनके नेता वहां लोगों को भड़काने गये थे इसकी शुरूआत उत्तरप्रदेश से हुई थी।

सदन शुरू होते ही बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गिरिडीह में हमारे विधानसभा क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से घटना घटी है। उन्होने आगे कहा कि घोड़थम्भा में हिंसा होती रही और पुलिस मूकदर्शन बनी रही। बड़े आश्चर्य की बात है कि इस मामले में 80 लोगों पर एफआईआर दर्ज हुआ इसमें 40 हिंदू समाज के लोग और 40 मुस्लिम समाज के लोग शामिल है, मैने सुना है कि इस मामले में 22 लोगों की गिरफ्तारी हुई है जिसमें 11 हिंदू समाज के और 11 मुस्लिम समाज के है। हिंदू समाज के लोग हाथों में रंग और गुलाल लेकर होली खेलने जा रहे थे उन्हे फंसाया गया है, आने वाले समय में ईद, रामनवमी और सरहूल का पर्व है इसलिए कानून-व्यवस्था पर बातचीत होनी चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि जिस दिन गृह विभाग के अनुदान मांग पर चर्चा होगी, उस दिन इस मसले पर भी चर्चा की जायेगी। कहा कि ऐसी घटना को लेकर राजनीति करना उचित नहीं है।


ज्ञात हो कि झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से जारी है। 3 मार्च को राज्य सरकार द्वारा सदन में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया जा चुका है। बीच में होली की छुट्टियों के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित रही। वहीं, झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 मार्च तक चलेगा।

## जयराम महतो ने विधानसभा में पारा शिक्षकों का मामला उठाया

**रांची:** डुमरी विधायक जयराम महतो ने विधानसभा में पारा शिक्षकों का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि वितग दो दशक से पारा शिक्षक झारखंड की शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं। पारा शिक्षकों ने विद्यालय में पढ़न-पाठन के कार्य के अलावा जनगणना, मतगणना तथा अन्य सरकारी कार्यो के संचालन में अपनी भूमिका निभाई है। अपने जीवन के दो दशक अपनी जवानी, अपनी उर्जा राज्य की शिक्षण व्यवस्था को दुरूस्त करने में लगाया। राज्य के सरकारों की उदासीन रवैये से पारा शिक्षक लाचार और बेचारे बनकर रह गये। वर्तमान सरकार के मंत्री ने चुनाव से पहले पारा शिक्षकों को लेकर कहा था कि उनके मानदेय 50 हजार रुपये बढ़ाने की बात कही थी, पर स्थिति जस की तस है। वर्तमान राज्य सरकार से लगभग 60 हजार पारा शिक्षकों को न्याय की उम्मीद है। मै सरकार से पारा शिक्षकों के मानदेय में वृद्धि और स्थायीकरण की मांग करते है। उनके आकस्मिक निधन पर परिवार को दस लाख रुपया मुआवजा देने की मांग करते है।



## कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर गोली चलाने वाला शूटर दिल्ली से गिरफ्तार



**रांची :** कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर गोली चलाने वाले शूटर प्रेम पांडेय को दिल्ली से रांची पुलिस ने पकड़ा है। उसकी निशानदेही पर बीआइटी ओपी क्षेत्र से हमले में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद किया गया है। जबकि घटना में शामिल एक शूटर तथा बाइक चलाने वाला अपराधी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। शूटरों को बाइक व हथियार उपलब्ध कराने वाले को भी रांची पुलिस ने हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार एसआइटी की छह टीम में से एक टीम ने दिल्ली पुलिस की मदद से उसे पकड़ा है। हालांकि रांची पुलिस ने किसी शूटर के पकड़े जाने और शूटरों को मदद करने वाले को हिरासत में लिये जाने की पुष्टि नहीं की है।

गौरतलब है कि सात मार्च को बरियातू गर्ल्स स्कूल के समीप बिपिन मिश्रा बूटी मोड़ की ओर अपनी कार मोड़ रहे थे। उसी समय अमन साहू के दो गुर्गों ने उन पर हमला किया था। जबकि तीसरा अपराधी गली में बाइक लेकर खड़ा था। पुलिस की जांच में यह बात सामने आयी थी कि हमला करने के बाद अपराधी गली से अंदर-अंदर डीआइजी ग्राउंड, कोकर होते हुए बूटी मोड़ की ओर भाग गये थे।

## एसीबी ने तमाड़ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को 10 हजार घूस लेते किया गिरफ्तार

**तामड़ा :** एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तमाड़ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिजीत चेल को 10 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार कर लिया है। पीडीएस दुकानदारों से कमिशन की मांग कर रहे थे इसी दौरान एसीबी ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया और गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल की जांच की जा रही है।

## राज्य के कुछ जिलों में बारिश का अलर्ट, 2-3 डिग्री गिरेगा पारा, गर्मी से मिलेगी राहत

**रांचीः** आज यानी मंगलवार को भी झारखंड के अधिकतर जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। इससे अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट संभव है। न्यूनतम तापमान में भी 2 डिग्री की गिरावट संभव है। इससे दिन और रात में हल्की ठंड का एहसास होगा और गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक झारखंड में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। नॉर्थ छत्तीसगढ़ के पास बने टर्फ, अरब सागर से आ रही नमी और हवाओं के टकराव से मौसम बदलेगा। इस प्रभाव से आंशिक रूप से राज्य के उत्तर और उससे सटे मध्य भाग में आसमान पर बादल बनने की वजह से वज्रपात और मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होनी की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक झारखंड के कुछ जिले जैसे पलामू, लातेहार, गढ़वा, देवघर, जामताड़ा, दुमका, लोहरदगा, लातेहार, रांची, धनबाद, बोकारो, पश्चिमी व पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां व खूंटी में अच्छी खासी बारिश हो सकती है। वहीं, अन्य जिलों में हल्की या फिर बूंदाबांदी बारिश की संभावना है। अधिकतम तापमान 36 से 30 डिग्री रह सकता है। न्यूनतम तापमान 16 डिग्री तक जा सकता है। कल यानी 19 मार्च को राज्य के उत्तर पश्चिमी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गरज के साथ वज्रपात की आशंका है।

## विश्व सामाजिक कार्य दिवस पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

मेट्रो रेज

**रांचीः** विश्व सामाजिक कार्य दिवस के अवसर पर छात्र क्लब चिकित्सा मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) की ओर से निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन चेन्नई ऑप्टिकल (पिस्कामोड़ कांति मार्केट)में किया गया। शिविर का शुभारंभ क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा एवं प्रसिद्ध समाजसेवी मो ।रियाजउद्दीन ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेन्नई ऑप्टिकल के निदेशक शाजिद आलम ने



की। जाने माने प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ।एमए।आलम द्वारा 19 लोगों के नेत्रों की जांच की गई साथ ही उन्हें नेत्रों के बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक टिप्स भी दिये गये। कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व जरूरतमंद लोगों के बीच चश्मे का वितरण भी किया गया। मौके पर शाजिद आलम ने कहा यहां सभी प्रकार के ब्रांडेड आई लैंस एवं फ्रेम जैसे रे बान, वोग, साफिलो, जगुआर, लिवैस, फोसिल, रॉलेट, स्कॉट आदि उचित मूल्य पर हमेशा उपलब्ध है एवं आयुष्मान कार्ड के द्वारा फ्री मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए संपर्क भी कर सकते हैं वही क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने कहा प्रतिवर्ष मार्च महीने के तीसरे मंगलवार को विश्व सामाजिक कार्य दिवस मनाया जाता है। युक्त दिवस पर प्रत्येक संस्थाओं को कुछ न कुछ सामाजिक कार्यक्रम अवश्य करने चाहिए। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरूप से राजकिशोर राणा, अशोक कुमार राणा, कुमारी ललिता, सुबोध कुमार शर्मा, जीतन साव, सद्दाम रहमान, नाजिम अंसारी, आकिब आलम, अमितेश कुमार, जिज्ञासु प्रकाश, पान कृष्ण घोष आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सीएम ने एटीएस के तत्कालीन डीएसपी पर विभागीय कार्यवाही चलाने का दिया आदेश

संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को एटीएस के तत्कालीन डीएसपी प्रदीप कुमार को निलंबित करते हुए उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है।

उल्लेखनीय है कि डीएसपी पर बिहार के औरंगाबाद के एक युवक ने गंभीर आरोप लगाये थे। युवक का आरोप था कि डीएसपी पीपी कुमार के उसकी पत्नी से नजदीकी संबंध हैं। वह रात-रातभर उनकी पत्नी से फोन पर बात करते हैं। जब वे इसका विरोध करते थे तो डीसएपी उसे जान से मारने की धमकी देते थे।

युवक का यह भी आरोप है कि एटीएस के तत्कालीन डीएसपी जातिसूचक शब्द का प्रयोग कर उसे अपशब्द बोलते थे। पीड़ित का आरोप है कि डीएसपी उस पर पत्नी को तलाक देने के लिए भी दबाव भी बना रहे थे। ऐसा नहीं करने पर इसका अंजाम भुगतने की धमकी देते थे। युवक का कहना है कि डीएसपी की इस हरकत और धमकी से काफी वह परेशान है और उसका दांपत्य जीवन टूटने के कगार पर पहुंच गया है।

## मईंयां सम्मान योजना के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में भीड़

**मुरीः** मईंयां सम्मान योजना की राशि खाते में आयी की नहीं यह जानने के लिए सिल्ली के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में भीड़ देखी गई। जिनके दो जगह बैंक में खाता था डीबीटी ऑन करने के कारण किसी- किसी की राशि दूसरे बैंक खाते में भी चली गयी।



झारखंड तंजीम ने किया दिव्यांग शिविर का आयोजन

## दिव्यांगों की सेवा से समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं: शमशेर आलम



मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड तंजीम और श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजनों एवं वृद्ध जनों के लिए निशुल्क दिव्यांग शिविर का आयोजन झारखंड तंजीम कार्यालय थर्ड स्ट्रीट हिंदपीढ़ी रांची में आज किया गया। निशुल्क दिव्यांग शिविर में 50 से 100 दिव्यांगों को निशुल्क दिए उपकरण। झारखंड तंजीम के संस्थापक सह झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि दिव्यांगों को हर सुविधा दी जाएगी। आज समिति के सहयोग से ट्राई साइकिल व्हीलचेयर कान की मशीन, बैसाखी छड़ी, दृष्टिहीन की कैलिपर छड़ी अपंग व्यक्ति के लिए ,कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर ,निशुल्क दिए गए। साथ ही निःशुल्क हेल्थ जांच कैंप भी लगाया गया। जहां मरीजों ने अपनी जांच कराकर अपना इलाज कराया। शमशेर आलम ने कहा कि दिव्यांगों की सेवा करना एक पुण्य कार्य है। जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं। और दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में मदद मिलती है। यह सेवा करने से न केवल उन्हें बल्कि समाज को भी कई लाभ होते हैं। दिव्यांगों की सेवा कर-के सामुदायिक भावना को बढ़ावा मिलता है, जिससे लोग एक-दूसरे की मदद करने के लिए प्रेरित होते हैं। इस मौके पर वारिश कुरैशी, मो राशिद, मो अनवर व अन्य थे।

## झारखंड में लगातार 4 दिन बंद रहेंगे बैंक

**रांचीः** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 23 मार्च की मध्यरात्रि से 25 मार्च की आधी रात तक राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का ऐलान किया है। वहीं, 22 मार्च को बैंकों में शनिवार और 23 मार्च को रविवार की सार्वजनिक छुट्टी है जिसके चलते अगले सप्ताह 4 दिन बैंक बंद रहेंगे। यूनियनों ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और बीमा कंपनियों की तर्ज पर सप्ताह में 5 दिन की कार्य प्रणाली लागू होने जैसे मुद्दों पर हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। जनरल सेक्रेटरी रूपम रॉय ने कहा कि सरकार और प्रबंधन हमारी मांगों पर कोई विचार नहीं कर रहा। इसकी वजह से यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जनता से इस आंदोलन के समर्थन की अपील व और असुविधा के लिए क्षमा चाहते हैं।

जिला अभियंता का कार्यालय,
जिला परिषद, खूँटी
(अभियंत्रण शाखा)

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 20/2024-25 PR No- 338466 District(24-25).D द्वारा प्रकाशित निविदा अन्तर्गत ग्रुप संख्या–7 अन्तर्गत तिलमा करंजटोली–2 में आंगनबाड़ी निर्माण कार्य योजना को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी
PR 348613 District(24-25)#D

## धार्मिक व वैज्ञानिक प्रभाव के साथ रंगपंचमी सकारात्मक ऊर्जा का है त्योहार: योगाचार्य

संवाददाता

**रांचीः** रंगपंचमी भारतीय संस्कृति में रंगों के महत्व को दर्शाता है तथा रंग हमारे जीवन में खुशी, उत्साह और सकारात्मकता लाते हैं। योगाचार्य महेश पाल बताते है कि रंग पंचमी को सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिकता का प्रतीक माना जाता है। रंग पंचमी को देव पंचमी,श्री पंचमी के नाम से भी जाना जाता है,धार्मिक मान्यता के अनुसार, रंगपंचमी के दिन देवी-देवता भी होली खेलते हैं इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी ने होली खेली थी और स्वर्ग से देवी-देवताओं ने पुष्प वर्षा की थी। यही कारण है कि इस दिन अबीर-गुलाल उड़ाने की परंपरा है। इस दिन देवताओं की



पूजा की जाती है और उन्हें रंग अर्पित किए जाते हैं। मान्यता है कि इस दिन रंग खेलने से देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है।यह त्योहार हमें प्रकृति के साथ जुड़ने और जीवन में खुशियां लाने का संदेश देता है।पौराणिक कथाओं एवं धार्मिक मान्यता के अनुसार, रंग पंचमी का दिन देवी-देवताओं को समर्पित होता है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन रंगों का प्रयोग करने से एवं रंगो को आसमान की ओर उड़ाते हैं। ऐसा करने से देवी-देवता आकर्षित होकर अपनी कृपा बरसाते हैं,रंग पंचमी को पांच मूलभूत तत्वों - वायु, आकाश, जल, पृथ्वी और अग्नि - को सक्रिय करने वाला माना जाता है, जो ब्रह्मांड का निर्माण करते हैं। योग आयुर्वेद के अनुसार, मानव शरीर भी इन्हीं तत्वों से बना है। इस त्योहार को इन तत्वों को आह्वान करने,जीवन में संतुलन बहाल करने और आध्यात्मिक विकास में सहायता करने के अवसर के रूप में देखा जाता है,रंगपंचमी केवल एक रंगों का त्योहार ही नहीं है बल्कि यह आध्यात्मिक और वैज्ञानिक, दृष्टियों से भी महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन रंगों का उपयोग वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। योग आयुर्वेद के अनुसार,प्राकृतिक रंगों में चिकित्सीय गुण होते हैं, जो हमारे शरीर और मन को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। रंगों का खेल मानसिक तनाव को कम करने और खुशी बढ़ाने में मदद करता है। यह पर्व हमें तनावमुक्त और आनंदित रहने का अवसर प्रदान करता है। वैज्ञानिक दृष्टि से भी देखा जाए तो वसंत ऋतु के दौरान मौसम परिवर्तनशील रहता है और वातावरण में हानिकारक जीवाणु अधिक होते हैं। रंगों में मौजूद प्राकृतिक तत्व इन जीवाणुओं को नष्ट करने में सहायक होते हैं। मान्यता है कि रंग पंचमी के दिन वातावरण में फैली सभी नकारात्मक शक्तियां समाप्त हो जाती हैं और वातावरण शुद्ध हो जाता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं0–08/2024-25 जिसका पी0आर0संख्या–347189 है। जिसमें दिनांक 15.03.2024 कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड राँची के द्वारा को एन0आई0एक्ट के तहत अवकाश घोषित होने के कारण निविदा के तिथियों में निम्न संशोधन किया जाता है।

1.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि:– दिनांक– 25.03.2025 से दिनांक–26.03.2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)

3.निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 27.03 2025 (अपराह्न 3.00 बजे तक)

4.निविदा खुलने की तिथि :–दिनांक 27.03 2025 (अपराह्न 3.30 बजे तक)

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
कोडरमा
PR 348571 (Rural Work Department)24-25*D

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:**
**अटल बिहारी वाजपेय**

## शीर्षता की सूची में

**भारत** के प्रमुख शैक्षिक, प्रौद्योगिकी संस्थानों और विश्वविद्यालयों के लिए बेहद अच्छी खबर है। अब भारत भी शीर्षता की वैश्विक सूची में उपस्थित है। देश के 9 संस्थान शीर्ष 50 संस्थानों की जमात में शामिल हैं और 79 भारतीय विश्वविद्यालयों को भी शीर्षता के तौर पर चिह्नित किया गया है। बीते साल यह संख्या 69 थी। एक दौर ऐसा भी था, जब हमारे संस्थान और विश्वविद्यालय 500 शीर्ष की सूची में भी नहीं आते थे। उसमें भी कोई राजनीतिक और भारत को पिछड़े देश के तौर पर आंकने की मानसिकता रही होगी, क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में भारत शीर्ष देशों की श्रेणी में रहा है। नालंदा, तक्षशिला इसके सांस्कृतिक उदाहरण रहे हैं, लेकिन वक्त के मुताबिक, शिक्षा के आयाम और क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। आज कृत्रिम बौद्धिकता, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग का बिल्कुल परिवर्तित युग है, लिहाजा रोजगार की अपेक्षाएं भी बदली हैं। सुखद और प्रोत्साहित खबर यह है कि भारतीय विश्वविद्यालयों के 24 इंजीनियरिंग संस्थान, सोशल साइंस के 20 और प्राकृतिक विज्ञान के 19 संस्थान शीर्षता की सूची में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह उपलब्धि ऐसे समय हासिल हुई है, जब बहुधा रपटों और सर्वेक्षणों के निष्कर्ष सामने आ रहे थे कि भारतीय स्नातकों में कौशल, हुनरमंदी का घोर अभाव है। अब क्यूएस रैंकिंग सूची में विश्वविद्यालयों और संस्थानों के कौशल संबंधी प्रयासों का भी उल्लेख किया गया है, नतीजतन स्नातकों की वरीयता में नियोक्ताओं (एंप्लायर) की अपेक्षाओं और दृष्टिकोण में भी काफी सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी हालिया साक्षात्कार में कहा है कि दुनिया कुछ भी कर ले, लेकिन भारत के बिना एआई (कृत्रिम बौद्धिकता) अधूरी है। हालांकि भारत सरकार में कौशल मंत्रालय का गठन प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्र रूप से किया था, लेकिन कौशल के नाम पर कुछ भाषण देना या सुनना के अलावा हम ठोस और व्यावहारिक तौर पर इसे आंदोलन नहीं बना सके हैं, लिहाजा हमारे युवा वैश्विक ही नहीं, घरेलू आधार पर भी पिछड़े हैं। बहरहाल हम शीर्षता की जमात में शामिल हो गए हैं, लेकिन क्यूएस 2025 में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भारत ज्ञान और अर्थव्यवस्था का शीर्ष गंतव्य, गढ़ बनने में अब भी पीछे है। यह भी रेखांकित किया गया है कि भारत के संभ्रांत और विशिष्ट विश्वविद्यालयों को अपने छात्रों के सीखने के अनुभवों में सुधार की गुंजाइश बेहद जरूरी है। उसी के बाद वे वैश्विक तौर पर अपनी उपस्थिति साबित कर पाएंगे। छात्रों के सीखने के अनुभवों और उन्हें प्रशिक्षित बनाने में बेहतर शिक्षकों, निरंतर निरीक्षण और पाठ्यक्रम विकास आदि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सूची में शामिल विश्वविद्यालय और संस्थान क्यूएस वरीयता प्रणाली के ऐसे मानदंडों पर लगभग खरे साबित हुए हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली में पर्याप्त प्रशिक्षित शिक्षकों और उनके काम करने की माकूल स्थितियां आज भी हमारी उच्च शिक्षा के लिए बुनियादी समस्याएं बनी हुई हैं। संस्थानों में पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं अथवा छात्रों के अनुपात में अध्यापक बहुत कम हैं। 2023 की एक कैग रपट में खुलासा किया गया था कि आईआईटी संस्थानों में शिक्षकों की भर्ती नियमित रूप से की जाती रही है, लेकिन अब भी वे उतने नहीं हैं, जितने छात्रों के अनुपात में होने चाहिए। ऐतिहासिक कमजोरी यह है कि ऐसे शिक्षकों की संख्या को वैज्ञानिक तौर पर कभी भी तय नहीं किया गया। 2009 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने एक कार्यबल का गठन किया था। उसे फैकल्टी की संख्या और उनकी गुणवत्ता के मानक तय करने थे। उसके डाटा को प्रत्येक शैक्षिक संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध कराना था, लेकिन कार्यबल ने जो अनुशंसाएं कीं, उन्हें आंशिक तौर पर लागू किया गया। आज शिक्षा का बजट देश के जीडीपी का उतना हिस्सा नहीं है, जितना होना चाहिए।

## सुविधा और सख्ती

**आव्रजन** विधेयक में जाली पासपोर्ट का उपयोग करने पर सात साल की जेल का प्रस्ताव है। यदि यह संसद द्वारा अनुमोदित हो जाता है तो भारत में प्रवेश करने, रहने या बाहर जाने के लिए जाली पासपोर्ट या वीजा का इस्तेमाल करने वाले को जेल की सजा के साथ दस लाख रुपये तक का जुर्माना भी हो सकता है। लोक सभा में पेश विधेयक के अनुसार कोई भी जो जानबूझकर जाली या धोखाधड़ी से प्राप्त पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज या वीजा का प्रयोग भारत में प्रवेश करने या यहां रहने या देश से बाहर जाने के लिए करता है,उसे कम से कम दो वर्ष की सजा हो सकती है, जिसे सात साल तक बढ़ाया जा सकता है। वर्तमान में चार अधिनियमों के माध्यम से प्रशासित किया जा रहा है,पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 विदेशियों का पंजीकरण 1939 विदेशी अधिनियम 1946 व आव्रजन (वाहन दावित्व) अधिनियम 2000 को अब निरस्त करने का विचार है। माना जा रहा है नये विधेयक से कानून सरल होगा तथा करोबार करने में आसानी होगी। अवैध प्रवास की समस्या से निपटने में भी यह मददगार साबित होगा। निर्धारित अवधि से अधिक समय तक रहने वाले विदेशियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए आवश्यक है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार बीते वित्त वर्ष के दौरान 98 लाख से अधिक विदेशी भारत आए थे। विदेशी सैलानियों को पर्यटन के लिए आकर्षित करने के लिए कुछ अरसे से सरकारी स्तर पर किए जा प्रयासों के सकारात्मक असर समाने भी आ रहे हैं परंतु देश की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने तथा भारत भ्रमण, शिक्षा या इलाज कराने के लिए आने वालों की सुविधाओं का ख्याल रखते हुए वन-विंडो स्कीम भी बनानी चाहिए। नये विधेयक के अनुसार पाकिस्तानियों को आने के चौबीस घंटों के भीतर ही पंजीकरण कराना जरूरी है। इसके अलावा देश के कुछ संरक्षित क्षेत्रों में विदेशियों को जाने के लिए विशेष परमिट की जरूरत होती है, जिनमें अंडमान-निकोबार,जम्मू- कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल व राजस्थान के कुछ हिस्से के साथ ही पूर्वोत्तर के कुछ राज्य शामिल हैं। अभी जब ट्रंप सरकार द्वारा जाली पासपोर्ट वाले घुसपैठियों को वापस भेजा गया था तो कुछ लोगों की त्योरियां चढ़ी थीं, मगर इस तरह विदेश जाने वालों को रोकना भी सरकार का ही जिम्मा है। इससे देश की छवि धूमिल होती है। नियमों को पारदर्शी व सुलभ बनाकर ही देश की अखंड़ता संप्रभुता व मौलिक सिद्धांतों की रक्षा की जा सकता है।

# रंग, लोकगीत और परंपराओं का उत्सव

देवताओं के प्रति असीम प्यार एवं श्रद्धा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री वीरभद्र सिंह का भी किसी से छुपा नहीं था। इस मेले का जब आगाज होता है तो राज परिवार का मुखिया या परिवार का अन्य वरिष्ठ सदस्य का यहां होना निश्चित होता है। अन्यथा कई बार देवता लोक रुष्ट होकर वापस भी चले जाते हैं। वैसे ऐसा बहुत कम हुआ है। कभी स्व. श्री वीरभद्र सिंह जी के निजी व्यस्तता के चलते यह परंपरा का निर्वहन राजपरिवार के अन्य सदस्यों के द्वारा पहाड़ी नाटी के धुरे में चोंरें (याक के बाल का) को हिलाते हुए मृत्य को और भी लुभावन कर देता है। पुरानी परंपराओं का स्थान आधुनिकता ने ले लिया है। किसी समय फाग मेले में बुशहर रियासत के लोग अपनी पारंपारिक वेशभूषा में शिरकत कर नाटी का आनंद लेते हो।

**सिकंदर बंसल**

**पुरानी** रामपुर बुशैहर रियासत के दो सुप्रसिद्ध मेले, एक अंतरराष्ट्रीय लवी मेला तथा दूसरा जिला स्तरीय फाग मेला होता है। फाग मेला हिंदू त्योहार होली के एक दिन बाद शुरू होता है। यह मेला बुशैहर रियासत के पदम पैलेस में शुरू होता है। यहां होली वाले दिन तीन भाई देवता साहिब रचोली जाख, देवता साहब गसो तथा देवता साहिब बसाहुरू एक-दूसरे को होली लगाते पदम पैलेस पहुंचते हैं। तभी से फाग मेले का आगाज शुरू हो जाता है। बसाहरा देवता ब्रह्मा, महेश और विष्णु का रूप हैं। ऐसी मान्यता है कि पुराने समय में बुशैहर रियासत के साथ लगते चार क्षेत्र जिसमें प्रमुख शिमला, कुल्लू, किन्नौर तथा मंडी के सुकेत परगना के देवी-देवता तथा देवलू अपने-अपने वाद्य-यंत्रों के साथ अपने पारंपरिक वेशभूषा को जीवंत रखते हुए रामपुर बुशैहर में आगमन करते थे, जो बदस्तूर आज भी जारी है। आज भी इस रियासत के राज परिवार को अपना आशीर्वाद देने आते हैं। फाग मेले को मनाने की प्रथा द्वापर युग से चली आ रही है। बुशहर रियासत की राजधानी शोणितपुर हुआ करती थी। देवताओं के प्रति असीम प्यार एवं श्रद्धा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री वीरभद्र सिंह का भी किसी से छुपा नहीं था। इस मेले का जब आगाज होता है तो राज परिवार का मुखिया या परिवार का अन्य वरिष्ठ सदस्य का यहां होना निश्चित होता है। अन्यथा कई बार देवता लोक रुष्ट होकर वापस भी चले जाते हैं।

वैसे ऐसा बहुत कम हुआ है। कभी स्व. श्री वीरभद्र सिंह जी के निजी व्यस्तता के चलते यह परंपरा का निर्वहन राजपरिवार के अन्य सदस्यों के द्वारा पहाड़ी नाटी के धुरे में चोंरें (याक के बाल का) को हिलाते हुए मृत्य को और भी लुभावन कर देता है। पुरानी परंपराओं का स्थान आधुनिकता ने ले लिया है। किसी समय फाग मेले में बुशहर रियासत के लोग अपनी पारंपारिक वेशभूषा में शिरकत कर नाटी का आनंद लेते हो। यहां नाटी आज भी लगती है, परंतु पुराने लोग ही अपनी पारंपरिक वेशभूषा में देखे जाते हैं, क्योंकि युवाओं को पारंपरिक वेशभूषा से शायद परहेज शुरू हो गया है। इसी प्रकार मेले में विशेष प्रकार के व्यंजन परोसे जाते थे। लोग गांव से पोलडु, बटुरु तथा अन्य व्यंजन लाते थे जिसका आधुनिकता में फास्ट फूड ने स्थान ले लिया है। बुशहर के मेलों में मौढ़ी का विशेष महत्व रहता था। मौढ़ी को चावल और गेहूं के दानों को भूनकर बनाया जाता है जिसमें चुली की गुठली, अखरोट, गरी, भांग का बगुडू तथा गुड़ मिलाकर तैयार किया जाता था। पुराने समय में फाग मेला आपसी मिलन का भी स्थान होता था। दूरदराज के दुर्गम क्षेत्रों से लोग पैदल चल कर मेले में आते थे। अपने एक साल से बिछुड़े रिश्तेदारों व मित्रों से मिल कर मौढ़ी का आदान-प्रदान करते थे। उनका मानना था कि मौढ़ी के आदान-प्रदान से आपसी भाईचारा बढ़ता है। ऐसी भी मान्यता है कि पुराने समय में फाग मेला में गर्मी शुरू होने के कारण जनजातीय और दुर्गम क्षेत्रों के लोग बर्फ लाकर राजदरबार में बेचा करते थे। हर साल तकरीबन 20 से ऊपर देवी-देवताओं को निमंत्रण भेजा जाता है। कई बार नगर परिषद तथा स्थानीय प्रशासन की इच्छाशक्ति से लोक संगीत संध्या का प्रावधान भी किया जाता है, जो निहत पारम्परिक बुशैहर की संस्कृति के अनुरूप होता है। ताकि डेविड कार्ड, क्रेडिट कार्ड, फ्री फायर, रील की एक्टिंग और मोबाइल फोन की आभासी दुनिया के अलावा यह भी पता चल सके कि वाद्य यन्त्रों की देव धुनों में भी संगीत पनपता है। देवते नचाते है, देव लोक नाचता है, किसी बन्द कमरे में मोबाइल कैद से बेहतर मेले में लोग अपनत्व होने का आनंद प्राप्त करते हैं।

रामपुर बुशैहर का फाग मेला हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर का एक अनमोल हिस्सा है, जो परंपरा, भक्ति और लोकजीवन के रंगों को एक साथ समेटे हुए है। अपनी भव्यता, लोकनृत्य, पारंपरिक रीति-रिवाजों और आध्यात्मिकता के कारण क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण उत्सवों में से एक माना जाता है। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए यह मेला बसंत ऋतु के आगमन और रंगों के त्योहार होली का उत्सव मनाने के लिए आयोजित किया जाता है। स्थानीय लोग पारंपरिक वेशभूषा में लोक नृत्य और संगीत प्रस्तुत करते हैं, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करता है। यह मेला न केवल स्थानीय निवासियों के लिए, बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है, जो हिमाचल प्रदेश की संस्कृति और परंपराओं का अनुभव करना चाहते हैं। रामपुर बुशैहर, जो कि सतलुज नदी के किनारे बसा एक ऐतिहासिक नगर है, अपने समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास के लिए प्रसिद्ध रहा है। यह स्थान प्राचीन समय से व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र रहा है, जहां तिब्बत, किन्नौर और अन्य पड़ोसी क्षेत्रों से व्यापारी आया करते थे। बुशैहर रियासत के शासकों ने इस क्षेत्र में कई परंपराओं को बढ़ावा दिया, जिनमें मेलों और त्योहारों का विशेष स्थान रहा है। फाग मेले की परंपरा भी इसी गौरवशाली अतीत से जुड़ी हुई है।

फाग मेले की शुरूआत मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना से होती है, जिसके बाद शोभायात्रा, लोकनृत्य और पारंपरिक गीतों का आयोजन किया जाता है। यहां के जनजीवन की जीवंतता को दशार्ता हुआ साथ ही, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर थिरकते हुए कलाकार लोकसंस्कृति की गहराइयों को उकेरते हैं। समय के साथ इस मेले का स्वरूप कुछ बदला जरूर है, लेकिन इसकी आत्मा आज भी वही है। आधुनिकीकरण के प्रभाव से इसमें मनोरंजन के नए साधन जुड़े हैं, जैसे बुशैहर कार्निवल, सांस्कृतिक संध्या, प्रतियोगिताएं और व्यापारिक प्रदर्शनियां इत्यादि। फिर भी, इसका मूल स्वरूप आज भी लोगों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य कर रहा है। फाग उत्सव की विशेषता यह है कि देवी-देवताओं की सक्रिय भागीदारी के कारण इसमें अब तक पश्चिमी सभ्यता की घुसपैठ नहीं हो पाई है। इसलिए आज भी इस मेले में हिमाचली पहाड़ी सभ्यता, संस्कृति और रीति-रिवाजों की पूरी झलक देखने को मिलती है। हर बाहरी व्यक्ति को हिमाचली पहाड़ी संस्कृति-परंपरा को करीब से जानने का मौका मिलता है।

# आजीविका : वानिकी में समाधान

संतुलन और पर्वतीय क्षेत्रों के लिए प्रकृति मित्र विकास के मॉडल की बात बार-बार सामने आ रही है, किन्तु सुनता कोई नहीं। पर्वतीय क्षेत्रों की दूसरी बड़ी चुनौती है यहां के आदमी को टिकाऊ आजीविका उपलब्ध कराना। यहां खेती की जमीन तो केवल 10 फीसदी है। उसमें भी केवल चौथा भाग ही सिंचित है। मैदानों में इसके मुकाबले 85 फीसदी जमीनें खेती के अंतर्गत आती हैं। 67 फीसदी वन भूमि है। उसमें से भी 40 फीसदी के लगभग चट्टानें, स्थायी बर्फ वाले क्षेत्र, और वनस्पति-रेखा से ऊपर के क्षेत्र हैं जिनमें घास भी पैदा नहीं होता।

**कुलभूषण उपमन्यु**

**हिमालयी** राज्यों में पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की समस्या विकट बनती जा रही है। विकास की दिशा और तरीका या मॉडल समस्या को समझ कर संतुलित रास्ता तलाशने के बजाय मुख्यधारा मॉडल पर ही आगे बढ़ रहा है, जिससे समस्या और बढ़ती जा रही है। एक ओर पूंजी का दबाव है, दूसरी ओर आम आदमी की बढ़ती अपेक्षाएं हैं। कोई रुक कर सोचने को तैयार नहीं है कि हमारे तौर तरीकों का प्रकृति पर क्या असर पड़ने वाला है। सब जल्दबाजी में हैं कि कब करोड़पति बन जाएं। इस अंधी होड़ में प्रकृति लगातार जख्मी होकर संदेश दे रही है कि बहुत हो गया, थोड़ा आसपास के प्रकृति के नुकसान को देख कर सोचने का प्रयास कर लो कि इसका हमारी अपनी ही जिंदगी पर आने वाले समय में क्या असर पड़ने वाला है। सारा उत्पादन का तरीका प्रयोग करो और फैंको पर आधारित है। इससे एक ओर जहां कचरे के अंबार लगते जा रहे हैं, तो दूसरी ओर जिन जरूरतों को पूरा करने के लिए एक इकाई कच्चे माल की जरूरत थी, उसके बजाय दस गुणा दोहन प्राकृतिक संसाधनों का किया जा रहा है। इससे संसाधनों की कमी तो आएगी ही, साथ ही प्रकृति के संतुलन के बिगड़ जाने का खतरा भी बढ़ता ही जा रहा है। प्रकृति संकेत दे रही है। बेमौसमी बाढ़-सूखा, घटते ग्लेशियर, सूखता पानी, भूस्खलन, प्लास्टिक कचरे का प्रदूषण, जिससे फैलती बीमारियां, जहरीले स्प्रे से फैलती बीमारियां, प्रदूषित पानी, वायु, मिट्टी, जहां नजर डालो वहां जीवनदायी तत्वों का विघटन दिखाई देता है। सुख-सुविधाएं तो बढ़ी हैं, पर किस कीमत पर, यह देखना जरूरी है। इसलिए संतुलन और पर्वतीय क्षेत्रों के लिए प्रकृति मित्र विकास के मॉडल की बात बार-बार सामने आ रही है, किन्तु सुनता कोई नहीं। पर्वतीय क्षेत्रों की दूसरी बड़ी चुनौती है यहां के आदमी को टिकाऊ आजीविका उपलब्ध कराना। यहां खेती की जमीन तो केवल 10 फीसदी है। उसमें भी केवल चौथा भाग ही सिंचित है। मैदानों में इसके मुकाबले 85 फीसदी जमीनें खेती के अंतर्गत आती हैं। 67 फीसदी वन भूमि है। उसमें से भी 40 फीसदी के लगभग चट्टानें, स्थायी बर्फ वाले क्षेत्र, और वनस्पति-रेखा से ऊपर के क्षेत्र हैं जिनमें घास भी पैदा नहीं होता। ऐसी भौगोलिक परिस्थिति में जिंदा रहने का संघर्ष काफी कठिन हो जाता है। अगर खेती की जमीनों के विस्तार की बात करें तो उसकी संभावना भी मामूली है, क्योंकि जो खेती योग्य थीं, वे पहले ही कृषि कार्य में परिवर्तित हो चुकी हैं। अब बहुत थोड़ा उसमें बढ़ोतरी की गुंजाईश है। उसमें भी वन क्षेत्र खोने का खतरा है, जिसकी इजाजत न तो भारत का कानून देता है और न ही भौगोलिक हालात और पर्यावरणीय चुनौतियां। सरकारें भी दीर्घकालीन सोच से किनारा करके तात्कालिक समाधानों तक सीमित होती जा रही हैं। यहां का मुख्य संसाधन पानी है, किन्तु जलविद्युत से भी पूरा लाभ पर्वतीय राज्यों को नहीं मिल पा रहा है। ज्यादातर बिजली परियोजनाओं से 12 फीसदी मुफ्त बिजली प्रदेश को मिल रही है, जबकि यह हिस्सा कम से कम 25 फीसदी होना चाहिए। क्या ही अच्छा होता यदि खुद पर्वतीय सरकारों को ही नर्म शर्तों पर ऋण देकर उनसे ही परियोजनाएं लगवाई जाती, तो सारी कमाई संसाधनहीन पर्वतीय राज्यों को मिलती और पर्वतीय राज्य कर्जदार न बनते। यहां उद्योगीकरण की संभावना भी उन उद्योगों के लिए है जिनमें उच्च मूल्य और कम मात्रात्मक विस्तार वाला उत्पादन हो। जैसे कि दवाइयों के क्षेत्र में अच्छा काम हुआ है। या सुगन्धित बूटियों के अर्क आदि निकाल कर कुछ रोजगार खड़े किए जा सकते हैं।

फलों के प्रसंस्करण का भी काम बढ़ाया जा सकता है। किन्तु जिन उद्योगों का कच्चा माल भी बाहर से आएगा और बिक्री के लिए भी तैयार माल को बाहर भेजना पड़ेगा, उन उद्योगों के लिए हालात प्रतिस्पर्धा योग्य नहीं रहते। अब जो बड़ा भूभाग वनों के अधीन है, उसके उपयोग को आजीविका की दिशा में मोड़ कर आने वाले समय के लिए टिकाऊ आजीविका के आधार खड़े किए जा सकते हैं। उसके लिए ऐसे वन खड़े करने होंगे जिनको बिना काटे रोजी पैदा की जा सके। इसके लिए चिपको आंदोलन के समय से मांग की जा रही है। एक नारा दिया गया था कि रहे सहे वृक्ष बचाओ, पंच जीवन वृक्ष लगाओ । जीवन वृक्ष ऐसे वृक्ष हैं जो फल, चारा, ईंधन, खाद, रेशा और दवाई देने वाले हों। उनको बिना काटे ही जीवनयापन के लिए आजीविका खड़ी की जा सकती है। ऐसे फलदार वृक्ष जो जंगल के हालात में भी कीमती फल दे सकते हैं, जैसे कागजी अखरोट, जंगली खुमानी, चिलगोजा आदि। हिमालय में 67 फीसदी जंगल होने के बावजूद चारे का अकाल है। चारे के वृक्ष, और विविध प्रकार के घास लगा कर पशुपालन, भेड़ बकरी पालन को लाभदायक बनाया जा सकता है। निचले क्षेत्रों में देसी आम, बेर आदि उगाए जा सकते हैं। कुछ जंगली फल भी उगा कर फसलों में बंदरों द्वारा नुकसान कम किया जा सकता है। भूमिहीन लोगों को यदि भूमि देनी हो और वृक्ष संख्या कम किए बिना यह काम करना हो तो वृक्ष खेती एक बेहतर विकल्प है।

इससे लोगों को आजीविका भी मिल जाएगी और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्ष आच्छादन भी बना रहेगा। निचले क्षेत्र विशेषकर बाहरी हिमालय और शिवालिक विभिन्न प्रकार के खरपतवारों से अनुत्पादक हो चुके हैं। उनमें यदि उच्च सेलुलोस वाले बांस का बड़े पैमाने पर रोपण किया जाए तो 10 वर्षों के भीतर अच्छा आर्थिक लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। बांस को एथनोल उत्पादन में यदि प्रयोग किया जाए तो इसमें गन्ने के मुकाबले दस गुणा एथनोल बन सकता है। एथनोल की मांग असीमित होगी। यदि ग्रामवन के पुराने या एफआरए के नए प्रावधानों के अंतर्गत ग्राम समुदाय को जोड़ कर ये वन लगाए जाएं तो गांव में अच्छा खासा आजीविका खड़ी की जा सकती है। भटियात के सुहार बीट में कागजी अखरोट के पौधे लगाने का काम सराहनीय है।

# धारणा

## चिंतन-मनन

**ओशो**

**व्यर्थ** की धारणा हमें सिखा दी गई है कि तुम्हें दुखी होना ही पड़ेगा, क्योंकि पिछले जन्मों का कर्म तुम्हें भोगना है। यह धारणा अगर मन में बैठ गई कि मैं पिछले जन्मों के कर्मों को भोग रहा हूं तो सुख का उपाय कहां है? इतने- इतने जन्म! कितने- कितने जन्म! चौरासी कोटि योनियां! इनमें कितने पाप किए होंगे, थोड़ा हिसाब तो लगाओ! इन सारे पापों का फल भोगना है। सुख हो कैसे सकता है! दुख स्वाभाविक मालूम होगें लगेगा। ये आदमी को दुखी रखने की ईजादें हैं। मैं तुमसे कहता हूं: कोई पाप नहीं किए हैं कोई कर्म का फल नहीं भोगना है। तुम अभी जागे ही नहीं, तुम अभी हो ही नहीं, पाप क्या खाक करोगे! पाप बुद्ध कर सकते हैं। लेकिन बुद्ध पाप करते नहीं। अकबर की सवारी निकलती थी और एक आदमी अपने मकान की मुंडेर पर चढ़ गया और गालियां बकने लगा। सम्राट को गालियां! तत्क्षण पकड़ लिया गया। दूसरे दिन दरबारों मौजूद किया गया। अकबर ने पूछा,तू पागल है! क्या कह रहा था? क्यों कह रहा था? उसने कहा मुझे क्षमा करें मैंने कुछ कहा ही नहीं। मैंने शराब पी ली थी। मैं बेहोश था। मैं था ही नहीं! अगर आप मुझे दंड देंगे तो ठीक नहीं होगा, अन्याय हो जाएगा। अकबर ने सोचा और उसने कहा, यह बात ठीक है; दोष शराब का था, दोष तेरा नहीं था। तू जा सकता है। मगर अब शराब मत पीना। शराब पीने का दोष तेरा था। शराब पीने के बाद जो कुछ तेरे मुंह से निकला, उसमें तेरा हाथ नहीं, यह बात सच है। आज भी अदालत पागल आदमी को छोड़ देती है, अगर पागल सिद्ध हो जाए। क्यों? क्योंकि पागल आदमी का क्या दायित्व? किसी पागल ने किसी को गोली मार दी। अदालत क्षमा कर देती है अगर सिद्ध हो जाए कि पागल है। क्योंकि पागल आदमी को क्या दोष देना उसे होश ही नहीं है! तुम होश में रहे हो? ये जो चौरासी कोटि योनियां जिनके संबंध में तुम शास्त्रों में पढ़ते हो, तुम होश में थे? तुम्हें एकाध की भी याद है? अगर तुम होश में थे,तो याद कहां है? तुम्हें एक बार भी तो याद नहीं आती कि तुम कभी वृक्ष थे कि तुम कभी एक पक्षी थे कि तुम कभी जंगल के सिंह थे। शास्त्र कहते हैं; तुम्हें याद नहीं। और तुम गुजरे हो चौरासी कोटि योनियों से। तुम बेहोश थे। मूर्च्छा में जो भी किया गया, उसका क्या मूल्य है? परमात्मा अन्याय नहीं कर सकता। परमात्मा तो परम कृपालु है, वह तो महाकरुणावान है।

## आपके पत्र

### होली में सामाजिक गुस्सा और विभाजन

आज होली महज एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्योहार के दिन घर के अंदर ही रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्योहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्योहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को खत्म कर रही है।

एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठा होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। अब वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। पहले की तरह का सद्भाव खत्म हो रहा है।

**अनीता वर्मा, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### राशन उठाव नहीं लेने वाले 3113 कार्डधारियों का हटेगा नाम

**लातेहार :** जिले के 3113 राशन कार्डधारी ऐसे है,जिन्होंने पांच वर्षों से राशन का उठाव नहीं किया है। ऐसी स्थिति में 3113 कार्डधारियों का नाम हटाने को लेकर कार्रवाई की जा रही है। जिले में कई ऐसे राशन कार्डधारी हैं, जो कार्ड बनवाकर राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं। इसमें 6 माह,12 माह और तीन सालों से राशन का उठाव नहीं करने वाले भी कार्डधारी शामिल है। जिले में 6615 कार्डधारी ऐसे हैं, जिन्होंने 6 महीने से राशन का उठाव नहीं किया है, जबकि 5431 कार्डधारी ने 12 महीने और 4013 कार्डधारियो ने 3 सालों से राशन का उठाव नहीं किया है। बता दें कि जिले में कुल कार्डधारियो की संख्या 161360 है, इसमें 3113 कार्डधारियों का नाम हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन 3113 कार्डधारियों में बालूमाथ में 383 ,बारियातू में 170, बरवाडीह में 353 ,चंदवा में 455 , गारु में 245 , हेरहंज में 97, लातेहार में 494 ,लातेहार नगर पंचायत में 163, महुआडांड में 223 और मनिका के 530 कार्ड धारी शामिल है। इधर इस संबंध में डीएसओ रश्मि लकड़ा ने कहा कि कार्ड बनवाकर राशन नहीं उठाव करने वाले कार्डधारियो के नाम हटाने ओर उनका कार्ड रद्द कर दिया जाएगा। जल्द ही कार्ड सरेंडर करने के लिए तिथि की घोषणा कर दी जाएगी। इसके अलावा योग्य और संपन्न लोग जो राशन का उठाव कर रहे हैं, उनका भी नाम हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभा के माध्यम से कार्ड हटाने का निर्देश दिया गया है।

### देवरानी संगीत महाविद्यालय के छात्र पंकज का बिहार में हुआ चयन

**मेदिनीनगर :** प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के रेडमा ,राँची रोड स्थित संगीत प्रशिक्षण केंद्र देवरानी संगीत महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त छात्र पंकज कुमार का चयन बिहार में संगीत शिक्षक के पद पर हुआ है। इस खुशी के मौके पर देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक श्री नीरज कुमार मिश्रा और संगीत गुरु सूरज कुमार मिश्रा ने पंकज कुमार को बधाई और शुभकामनाएं दी है। सूरज मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय पंडित राजा राम मिश्र ने देवरानी संगीत महाविद्यालय को अपने अथक परिश्रम और लगन से सींचा है उसी का प्रतिफल है कि पिछले 32 वर्षों में अब तक हजारों विद्यार्थियों ने संगीत की शिक्षा प्राप्त करके प्राइमरी स्कूल ,मिडिल स्कूल ,हाई स्कूल जैसे सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों के कई शिक्षण संस्थानों में सफलता का परचम लहराया है ।विदित है कि बिहार सरकार ने बीपीएससी टीआरई-03 आयोजित किया था। इस परीक्षा में छात्र पंकज कुमार को उच्च माध्यमिक विद्यालय गया, बिहार में संगीत शिक्षक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस सफलता के बाद पंकज ने कहा कि ये सब गुरुजी स्व राजा राम मिश्र और माता-पिता के आशीर्वाद से संभव हुआ है। इस हर्ष के मौके पर वर्तमान में शिक्षा प्राप्त कर रहे सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल संगीत भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देवरानी संगीत महाविद्यालय विद्यार्थियों को बेहतर उच्च गुणवत्तापूर्ण शास्त्रीय और सुगम संगीत शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है,जिससे संगीत विद्यार्थी संगीत के क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।

### दो माह से अंजुमन नगर से पानी सप्लाई बंद

**साहिबगंज :** गर्मी शुरू होते ही नगर परिषद क्षेत्र में पानी की समस्या शुरू है। अंजुमन नगर से नगर परिषद क्षेत्र में पानी सप्लाई वर्षों से होता था, जिससे गुल्ली भट्ठा, पटनिया टोला, दहला सहित शोभनपुर भट्ठा, तलबनना सहित अन्य क्षेत्र के हजारों लोगों की प्यास बुझती थी। सुबह ओर शाम में पानी सप्लाई किया जाता था। जो लगभग दो माह से ये बंद है। नगर परिषद को आवेदन देकर नगर परिषद केअधिकारियों सीटी मैनेजर, जेई को स्थानीय लोग बोल बोलकर थक गए है। आज उपायुक्त महोदय से मिलकर अंजुमन नगर से होने वाले सप्लाई पानी को जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग करेंगे।

### साप्ताहिक संध्या गंगा आरती का आयोजन आज

साहिबगंजःमंगलवार समय छ बजे को साप्ताहिक संध्या गंगा आरती का आयोजन नमामि गंगे घाट पर जिला गंगा समिति की ओर से की जानी है। जिसमें जिला गंगा समिति के सदस्यों व? अन्य श्रद्धालुओं से आग्रह है। कि उक्त आरती में भाग लेने की कृपा की जाय।

### पलामू में एक कार से ब्राउन शुगर की बड़ी खेप जब्त

पलामूः नशा तस्करों के खिलाफ पलामू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एक कार से लाखों का ब्राउन शुगर और आठ लाख रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई है। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है।

दरअसल, पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और दंडाधिकारी संयुक्त रूप से वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी क्रम में एक कार को रोका गया। कार की तलाशी ली गई तो उसमें से 700 ग्राम ब्राउन शुगर और आठ लाख रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई। चैनपुर के अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा समेत कई पुलिस अधिकारी पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। मौके से हुसैनाबाद गढ़वा और गुमला के एक युवक को हिरासत में लिया गया है।

पुलिस की टीम तीनों से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि ब्राउन शुगर की खेप कहां पहुंचाई जाने वाली थी। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि नकदी और ब्राउन शुगर बरामद किया गया है, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है, तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है।

दरअसल पलामू इलाके में पहली बार ब्राउन शुगर की इतनी बड़ी खेप पकड़ी गई है और लाखों रुपए नकद बरामद किए गए हैं। पलामू इलाके में नशे के सौदागरों का नेटवर्क उत्तर प्रदेश और बिहार के तस्करों से जुड़ा हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद पता चलेगा कि नेटवर्क कितना बड़ा है।

### बंशीधर राजकीय महोत्सव को लेकर झामुमो की बैठक

**गढ़वाः** श्री बंशीधर राजकीय महोत्सव को लेकर झामुमो ने बैठक की. इस दो दिवसीय महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर तैयारी आरंभ कर दी गई है. इसे लेकर झामुमो कार्यकताओं ने रमना के गुलरही बांध के समीप बैठक की. बता दें कि इस महोत्सव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, वरिष्ठ नेत्री व विधायक कल्पना सोरेन सहित कई मंत्री शामिल होंगे. इसे लेकर झामुमो में काफी उत्साह है. कार्यकत्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य ताहिर अंसारी ने कहा कि श्री बंशीधर मंदिर में स्थापित भगवान राधा कृष्ण की प्रतिमा अलौकिक है. ऐसी प्रतिमा पूरे दुनिया में कहीं भी नहीं है. सरकार बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा दे चुकी है. कहा कि सरकार बाबा बंशीधर मंदिर को वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर विचार कर रही है ताकि श्री बंशीधर नगर और भवनाथपुर विधानसभा सामाजिक और आर्थिक विकास हो सके. अंसारी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता रमना प्रखंड में डोर टू डोर कैंपेन चलाकर 19 मार्च से आयोजित होने वाले राजकीय बंशीधर महोत्सव में लोगों को शामिल होने का निमंत्रण दें. बता दें कि यह महोत्सव श्री बंशीधर नगर स्थित गोसाईंबाग मैदान में 19 एवं 20 मार्च को होगा. इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता तुलसी सिंह खरवार, अनुज कुमार, राहित वर्मा, मुन्ना प्रसाद, सुभान अंसारी, राजेन्द्र उरांव, नरेश प्रसाद गुप्ता, विशेश्वर मेहता, रामचंद राम, मुन्ना पासवान, संतोष कुमार यादव सहित कई लोग मौजूद थे.

# देवघर के फुलोझड़ी पहाड़ में तीन दिनों से धधक रही है आग, स्थानीय लोग परेशान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**देवघरः** जिले के पालोजोड़ी प्रखंड के फुलजोड़ी पहाड़ में पिछले तीन दिनों से भीषण आग लगी हुई है। आग लगने के कारण आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह आग पिछले तीन दिनों से पहाड़ी पर स्थित जंगल में जल रही है।



आग से निकल रहे धुएं के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वन विभाग की ओर से कर्मचारियों को आग पर काबू पाने के लिए भेजा गया है। स्थानीय लोग भी अपने प्रयास से आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं।

देवघर से पालोजोड़ी जाने वाले लोग भी आग से निकल रहे धुएं से परेशान हैं। क्योंकि यह पहाड़ी मुख्य सड़क के किनारे स्थित है। जिसके कारण आम राहगीरों को भी परेशानी हो रही है। कई राहगीरों ने बताया कि पहाड़ी पर लगी आग के कारण करीब तीन किलोमीटर तक विजिबिलिटी काफी कम हो गई है। क्योंकि यह पहाड़ सारठ पालजोड़ी मुख्य सड़क पर स्थित है। वन विभाग के अधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने पहाड़ पर होली मनाते हुए पत्ते जलाए थे। जिससे आग की लपटें बढ़ती चली गईं। वनरक्षी आशुतोष कुमार ने बताया कि आग की सूचना मिलने के बाद वन विभाग के कर्मचारियों को आग बुझाने के लिए भेजा गया है। आग बुझाने के लिए लगातार फायर ब्रिगेड से भी संपर्क किया जा रहा है। वनरक्षी भी लगातार आग पर काबू पाने के लिए अलग-अलग इलाकों का दौरा कर रहे हैं। ताकि आग को पूरी तरह से बुझाया जा सके। पहाड़ की लंबाई करीब तीन से साढ़े तीन किलोमीटर है। जिससे आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है। वन विभाग की ओर से बताया जा रहा है कि अगले एक-दो दिनों में आग पर काबू पा लिया जाएगा।

### रामनवमी और हिन्दू नववर्ष मनाने की तैयारी में जुटे लोग

**बेतला :** होली पर्व के संपन्न होते ही सभी सनातनी अब हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा उत्सव और श्री रामनवमी मनाने की तैयारी में जुट गए हैं। इसबारे में श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर पोखरीकला के पुजारी यशवंत पाठक ने हिन्दू पंचांग के हवाले से बताया कि होली-संपन्न होने के बाद गत 15 मार्च से चैत्र मास शुरू हो गया है। पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष की शुरूआत आगामी 29 मार्च को अपराह्न 4 :27 बजे होगी जो 30 मार्च को अपराह्न 12:49 बजे खत्म हो जाएगी।ऐसे में उदयातिथि के अनुसार हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा दिवस का उत्सव 30 मार्च रविवार को मनाया जाएगा। वहीं पुजारी पाठक ने कहा कि यद्यपि कि चैत्र नवरात्र कुल नौ दिनों की होती है,पर इसवर्ष पांचवीं तिथि क्षय होने की वजह यह मात्र 8 दिनों की होगी। नतीजतन नवान्हपारायण करने वाले भक्तों को इसवर्ष दुर्गा सप्तशती या रामचरित मानस का नियमित पाठ आठ दिनों में ही पूरी करनी होगी।साथ ही पुजारी ने श्रीरामनवमी महोत्सव आगामी 6 अप्रैल को मनाए जाने की जानकारी दी।

## आवासीय विद्यालय के लिए उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य शुरू



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** कल्याण विभाग द्वारा संचालित शैक्षणिक सत्र 2025 - 26 के लिए अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, बरहेट, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, भोगनाडीह, बरहेट, अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, वृंदावन तथा अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय बंदरकोल में वर्ग 6, 7 एवं 8 में नामांकन के लिए विगत 9 मार्च को आयोजित प्रवेश परीक्षा होने के पश्चात उपायुक्त, साहिबगंज के आदेशानुसार आज से समहरणालय सभागार में उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ किया गया।परियोजना निदेशक, आईटीडीए,साहिबगंज संजय कुमार दास ने बताया कि मूल्यांकन कार्य के लिए कुल 10 शिक्षक- शिक्षिकाओं को प्रतिनियुक्त किया गया है। दंडाधिकारी के रूप में कार्यपालक दंडाधिकारी, साहिबगंज प्रमोद आनंद एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, साहिबगंज शशि कुमार राय को प्रतिनियुक्त किया गया है। परीक्षा फल तैयार करने के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर, जिला कल्याण कार्यालय,साहिबगंज रोहित कुमार एवं लिपिक, आईटीडीए साहिबगंज श्रीकांत कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इन चारों अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए कुल 327 छात्र-छात्राओं में 317 छात्र-छात्राएं संध्या महाविद्यालय साहिबगंज में आयोजित परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। परीक्षाफल का प्रकाशन 23 से 25 मार्च, 2025 के बीच होगा। सफल छात्र-छात्राओं का नामांकन 10 से 20 अप्रैल, 2025 के बीच होगा। कक्षा सत्र प्रारंभ 1 मई, 2025 से होगा।

## साहिबगंज- मनिहारी गंगा पुल का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिलेवासियों को खुशी देने वाला साहिबगंज मनिहारी गंगा पुल का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है। मुख्य गंगा में बनने वाले छह किलोमीटर पुल के लिए पिलर के ऊपर गार्डर सेगमेंट रखने सहित कार्य किया जा रहा है। गंगा पुल निर्माण कार्य कर रही डीबीएद कंपनी साहिबगंज के अम्बाडीह जीरो माइल तक छोटी गंगा पुल से सड़क निर्माण कालीकरण कार्य कर दिया है। वही पिलर के ऊपर का कार्य साहिबगंज और मनिहारी दोनों ओर से किया जा रहा है। पिलर के ऊपर लॉन्चर सेगमेंट लगाने, केबल तार लगाने सहित अन्य कार्य कंपनी कर्मी तीन चरण में रहे है। वही निर्माण कार्य की साप्ताहिक,मासिक मॉनिटरिंग पीएमओ से हो रही है। मैटेरियल से लेकर क्वालिटी लैब टेस्टिंग हर तरह की जांच रिपोर्ट सहित सभी तरह के दस्तावेज प्रोगेस रिपोर्ट कंपनी व संबंधित विभाग भेजती है। प्रत्येक निर्माण सामग्री की प्रॉपर चेकिंग डीबीएल के लैब में टेक्नीशियन की टीम करती है। और रिपोर्ट सबमिट करती है। जिसकी नजर संबंधित कंपनी के आला अधिकारी से लेकर भारत सरकार तक की है। पूर्णिया कटिहार मनिहारी तक फोर लेन सड़क निर्माण कार्य लगभग पूर्ण है।

### शादी का झांसा देकर अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया

साहिबगंज/उधवा : राधानगर थाना क्षेत्र के दो युवकों द्वारा पश्चिम बंगाल के मालदा जिला से दो लड़कियों को शादी का झांसा देकर अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पश्चिम बंगाल की पुलिस ने सोमवार को स्थानीय पुलिस के सहयोग से राधानगर थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों में छापेमारी की। हालाकी छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक अपहता लड़की के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जबकी दूसरी अपहता लड़की व आरोपी पुलिस के गिरफ्त से दूर है। पुलिस अपहता व आरोपी की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के मालदा जिला अंतर्गत मानिकचक थाना क्षेत्र के एक गांव से राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानत दियारा के दो युवक रविवार की अपहरण करीब 12 बजे दो लड़कियों को शादी का झांसा देकर अपहरण कर लिया। अपहरण करने के बाद दोनों आरोपी पुलिस से बचने के लिए राधानगर थाना में लेकर कहीं छुपा हुआ है। मामले को लेकर अपहता के परिजनों ने मानिकचक थाना में शिकायत दर्ज कराया था। जिसके बाद मानिकचक थाना की पुलिस ने प्रांभिक जांच शुरू कर दिया था। जांच के दौरान राधानगर थाना के दो आरोपित की संलिप्तता सामने आई थी। इस दौरान मानिकचक थाना की तीन सदस्यीय टीम सोमवार को राधानगर थाना पहुंची। जहां राधानगर थाना पुलिस के सहयोग से अमानत दियारा गांव में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान चतराडीह गांव के सूरज मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि अमानत गांव के राहुल चौधरी को पुलिस गिरफ्तार करने में असफल रही। एक अपहता लड़की को पुलिस सकुशल बरामद कर अपने साथ पश्चिम बंगाल ले गई। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है। छापेमारी दल में मानिकचक थाना के एएसआई एमडी नसीम अहमद व राधानगर पुलिस शामिल थे।

## नौ दिवसीय राम कथा शुरू निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** बजरंग दल के जिला संयोजक करण सिंह के नेतृत्व में साहिबगंज रेलवे इंस्टिट्यूट परिसर साहिबगंज में नौ दिवसीय राम कथा का शुभारंभ हुआ।राम कथा के आयोजन को लेकर बिजली घाट से रेलवे इंस्टिट्यूट परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल तक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।वही कार्यक्रम में समाजसेवी सह भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव भी शामिल हुए।मौके पर समाजसेवी बजरंगी प्रसाद यादव ने शहर वासियों से कहा कि रेलवे इंस्टिट्यूट परिसर में आयोजित 9 दिवसीय राम कथा का श्रवण करने? अवश्य पहुंचे।इस कथा का आयोजन 17 से 25 मार्च तक दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।उन्होंने कहा कि राम कथा का सरण करने से मात्र लोगों की आयु बढ़ जाती है।यहां अयोध्या धाम से आए सुभाष शास्त्री जी महाराज के द्वारा प्रतिदिन राम कथा का वाचन किया जाएगा।शोभायात्रा में शामिल हुए सुभाष शास्त्री जी महाराज ने कहा कि उनका उद्देश्य है की कथा के माध्यम से हिंदुओं को जागृत और हिंदुओं की बहू बेटी को सुरक्षित करना है।कहा कि वे अपने कथा वाचन के माध्यम से प्रभु श्री राम के चरित्र को हिंदुओं के हृदय में उतारने का प्रयास करते हैं।



### आवासीय शैक्षणिक भ्रमण में शामिल हुए जिप अध्यक्ष

**लातेहार :** सूबे के 17 जिला के जिला परिषद अध्यक्षों ने केरल इंस्टिट्यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन केरल में तीन दिवसीय आवासीय शैक्षणिक भ्रमण किया। कार्यक्रम में शामिल होकर जनप्रतिनिधिमंडल केरल राज्य के जनप्रतिनिधियों केरल के पंचायती व्यवस्था से रूबरू होगें। साथ ही केरल राज्य के एक ग्राम पंचायत और एक जिला परिषद का दौरा कर फंड, फंक्शन और फंक्शनरीज के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। इस संबंध मे लातेहार जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने बताया कि केरल राज्य की पंचायती राज व्यवस्था की जानकारी लेकर लातेहार जिले के पंचायतों को इसका लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने बताया कि केरल राज्य की पंचायती राज व्यवस्था से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा जिसका लाभ आने वाले दिनों मे लातेहार जिला को दिलाने का कार्य किया जायेगा। उन्होने बताया कि केरल मे शैक्षणिक भ्रमण 20 मार्च तक होगा।

### सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक

**साहिबगंज :** इग्नू क्षेत्रीय कार्यालय देवघर के निदेर्शानुसार इग्नू अध्ययन केन्द्र 3605 साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज के समन्वयक डॉ ध्रुब ज्योति कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सत्रांत परीक्षा जून 2025 के लिए परीक्षा प्रपत्र 20 अप्रैल तक बिना विलंब शुल्क के भरा जा रहा है। 21अप्रैल 2025 से 27 मई 2025 तक 1100 विलंब शुल्क के साथ भरा जाएगा।उन्होंने बताया कि सत्रांत परीक्षा जून 2025 के लिए सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च है।डॉ सिंह ने बताया कि जनवरी 2025 के लिए नव नामांकन की अंतिम तिथि 31 मार्च है जिन विद्यार्थियों को स्नातक स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रमों में नामांकन लेना है वे ऑनलाइन के माध्यम से इग्नू की वेबसाइट से नामांकन ले सकते है।


## अपने-अपने क्षेत्रों के मेडिकल ऑफिसर-इन-चार्ज के साथ समन्वय स्थापित कर छापेमारी सुनिश्चित करें : उपायुक्त


**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनसीओआरडी की समीक्षात्मक बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित हुई। बैठक में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली गई तथा आगे की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। ड्रग्स इंस्पेक्टर ने बताया कि जिले की विभिन्न मेडिकल दुकानों में औचक निरीक्षण किया जा रहा है और दुकानदारों को नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री न करने के लिए सख्त हिदायत दी गई है। इसके साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले के सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों के मेडिकल ऑफिसर-इन-चार्ज के साथ समन्वय स्थापित कर छापेमारी सुनिश्चित करें ताकि नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके।उपायुक्त हेमंत सती ने सीओटीपीए के तहत सख्ती से राजस्व वसूली करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ जुमार्ना लगाने और तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, मुख्यालय डीएसपी विजय कूशवाहा, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागीय स्तर पर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने और सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।



# छावा की दहाड़ के आगे फीकी पड़ी द डिप्लोमैट, मंडे टेस्ट में सुस्त हुई रफ्तार








**विक्की कौशल** की छावा को रिलीज हुए अब 1 महीने हो चुके हैं। इसी बीच 14 मार्च को जॉन अब्राहम की मच अवेटेड फिल्म द डिप्लोमैट भी सिनेमाघरों में दस्तक दी है। फिल्म को आए अब 4 दिन पुरे हो गए हैं। शानदार ओपनिंग के बाद अब जॉन अब्राहम की फिल्म की रफ्तार सुस्त होते नजर आ रही है। वहीं, छावा अभी अपना कब्जा जमाए हुए हैं।

**द डिप्लोमैट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन:** द डिप्लोमैट में जॉन अब्राहम के साथ सादिया खतीब और कुमुद मिश्रा अहम भूमिका निभाते नजर आए हैं। फिल्म में जॉन के किरदार की खूब सराहना हो रही है। 20 करोड़ के कम बजट पर बनी इस फिल्म ने पहले दिन चार करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं, दूसरे दिन और तीसरे दिन फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई। द डिप्लोमैट ने शनिवार और रविवार दोनों ही दिन चार करोड़ 65 लाख रुपये का कारोबार किया। अब इसके चौथे दिन का कलेक्शन भी आ गया है, जिसके अनुसार द डिप्लोमैट ने डे 4 महज 1 करोड़ 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इसी के साथ ही फिल्म की अबतक कमाई 14.18 करोड़ रुपये हो गई है।

विक्की कौशल स्टारर छावा एक महीने बाद भी बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा कायम रखे है। साथ ही फिल्म ने अब तक कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। इसी के साथ यह विक्की कौशल की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई वाली फिल्म बन चुकी है। इससे पहले उरी ने सबसे ज्यादा सफलता हासिल की थी। अब छावा के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें, तो 32वें दिन इस फिल्म ने 2 करोड़ 65 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई 565.3 करोड़ रुपये हो गई है।

# तीन साल के लिए किराएदार बने शाहरुख खान, मन्नत का हो रहा रिनोवेशन



**बॉलीवुड** के बादशाह शाहरुख खान आलीशान मन्नत के मालिक हैं, लेकिन अब वह अपने आशियाने को छोड़कर अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहने जा रहे हैं। दरअसल, शाहरुख अपने घर मन्नत का रिनोवेशन करवा रहे हैं, जिसके कारण फिलहाल किराए के घर में रहने जा रहे हैं, जिसे उन्होंने तीन साल के लिए लीज पर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख खान जिस घर में रहेंगे, वह एक्टर जैकी भगनानी के परिवार का है। शाहरुख को इस किराए के घर के लिए दो अपार्टमेंट्स में किराया देना होगा। एक अपार्टमेंट का किराया 11.54 लाख रुपये प्रति माह है, जबकि दूसरे अपार्टमेंट का किराया लगभग 12.61 लाख रुपये प्रति माह है। दोनों अपार्टमेंट्स पूजा कासा बिल्डिंग में स्थित हैं, जिसमें एक अपार्टमेंट पहली और दूसरी मंजिल पर है, जबकि दूसरा अपार्टमेंट 7वीं और 8वीं मंजिल पर है।

खबरों के अनुसार, शाहरुख खान अपने छह मंजिला घर मन्नत में दो अतिरिक्त मंजिलें जोड़ने की अनुमति एमसीजेडएमए से प्राप्त कर चुके हैं, जिसके कारण उनका घर फिलहाल रिनोवेशन के तहत है। इसी वजह से शाहरुख और उनका परिवार किराए के घर में शिफ्ट हो गए हैं।

दोनों अपार्टमेंट्स का कुल एरिया लगभग 10,500 स्क्वायर फीट है, जो शाहरुख के अपने घर मन्नत के आकार का आधा है। मन्नत का कुल आकार लगभग 27,000 स्क्वायर फीट है, जो एक शानदार और सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस घर है। दोनों अपार्टमेंट्स का एक महीने का कुल किराया करीब 24.15 लाख रुपये है, और इन अपार्टमेंट्स के लिए कुल सुरक्षा जमा 68.97 लाख रुपये रखा गया है।

काम की बात करें तो एक्टर शाहरुख खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'किंग' पर काम कर रहे हैं, जिसमें वह अपनी बेटी सुहाना खान के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे।




# फिल्म कन्नप्पा से अक्षय कुमार का लुक रिलीज, भगवान शिव के अवतार में आये नजर

**बॉलीवुड** के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने अपनी आने वाली फिल्म कन्नप्पा से अपना लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। अक्षय कुमार फिल्म कन्नप्पा से दक्षिण भारतीय सिनेमा में डेब्यू करने वाले हैं। हाल ही में फिल्म कन्नप्पा का टीजर रिलीज किया गया था। अब अक्षय कुमार ने इस फिल्म से अपना लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम स्टोरी में जो पोस्ट शेयर किया है उसमें वह भगवान शिव के किरदार में नजर आ रहे हैं।

फिल्म कन्नप्पा में विष्णु मांचू, प्रीति मुखुंधन मोहनलाल, अक्षय कुमार, प्रभास और काजल अग्रवाल की अहम भूमिका है। फिल्म कन्नप्पा 25 अप्रैल, को दुनिया भर में रिलीज के लिए तैयार है।

# पंकज त्रिपाठी की बेटी का एक्टिंग डेब्यू: लाडली का म्यूजिक वीडियो 'रंग डारो' देख भावुक हुए एक्टर



**पंकज त्रिपाठी** बॉलीवुड के फेमस स्टार्स में से एक हैं। वहीं उनकी बेटी आशी भी किसी स्टार से कम नहीं हैं। आशी अब तक एक्टिंग और स्क्रीन से दूर थीं फिर भी वह सोशल मीडिया पर छाई रहीं लेकिन अब पंकज त्रिपाठी की लाडली आशी ने एक्टिंग में डेब्यू कर लिया है। आशी ने म्यूजिक वीडियो 'रंग डारो' से स्क्रीन पर डेब्यू किया है। यह गाना हाल ही रिलीज किया गया जो सुर्खियों में है।

पंकज त्रिपाठी ने बेटी के पहले ऑनस्क्रीन अपीयरेंस पर कहा कि यह उनके लिए भावुक पल है। पंकज त्रिपाठी ने कहा- 'आशी को स्क्रीन पर देखना मेरे और मृदुला के लिए गर्व की बात है और यह भावुक करने वाला पल था। वह हमेशा से परफॉर्मिंग आर्ट्स को लेकर जुनूनी रही है और पहले ही प्रोजेक्ट में उसकी सहज अभिव्यक्ति देखना हमारे लिए बेहद खास था। अगर यह उसकी पहली शुरूआत है तो मुझे उसके आगे के सफर का बेसब्री से इंतजार रहेगा।''रंग डारो' में आशी त्रिपाठी बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इसमें उनके ऑपोजिट प्रभाकर स्वामी हैं। इस गाने को मैनाक भट्टाचार्य और संजना रामनारायण ने गाया है। वहीं, अभिनव आर कौशिक ने म्यूजिक दिया है।इस गाने में आशी एक पेंटर की म्यूज (प्रेरणा) की भूमिका में नजर आ रही हैं, जहां उन्हें रंगों से खूबसूरती से सजाया गया है।

# अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टार 'पुष्पा 3' 2028 में रिलीज होगी, प्रोड्यूसर रवि शंकर ने दिया हिंट



**पुष्पा 2** ने थिएटर्स में शानदार प्रदर्शन किया है। अब फैंस पुष्पा 3 का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच पुष्पा 3 की पुष्टि हो गई है, लेकिन फैंस को इंतजार करना होगा क्योंकि अल्लू अर्जुन एटली और त्रिविक्रम श्रीनिवास की दो फिल्मों में व्यस्त हैं। शूटिंग लगभग ढाई साल में शुरू होगी, जिसका लक्ष्य 2028 में रिलीज करना है।

कुछ महीने पहले पुष्पा 2 रिलीज हुई थी, जो दर्शकों के दिलों में अभी राज कर रही है। अगर आप यह सोच रहे हैं कि पुष्पा 2: द रुल ग्रैड फिनाले था, तो एक बार फिर से सोचें- क्योंकि पुष्पा राज अभी खत्म नहीं हुआ है। साल 2024 में पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। हालांकि, अल्लू अर्जुन का सबसे पसंदीदा किरदार एक और अध्याय के लिए रैडी है। कई महीनों से फैंस पुष्पा 3 के बारे में अटकलें लगा रहे हैं, खासकर पुष्पा 2 के अंतिम क्रेडिट के बाद से जो एक बड़े, बोल्ड सीक्वल का संकेत दे रहे हैं। लेकिन अब तक रेडियो चुप्पी थी। हाल ही में एक कार्यक्रम में, निमार्ता रवि शंकर ने आखिरकार प्रशंसकों को कुछ ऐसा हिंट दिया कि जिससे वे उम्मीद कर सकते हैं कि अगली किस्त की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है।

**पुष्पा 3 की शूटिंग जल्द शुरू होगी :** फिल्म निमार्ता रवि शंकर ने पुष्टि की कि पुष्पा 3 निश्चित रूप से बन रही है, लेकिन प्रशंसकों को इसके निर्माण में आने से पहले थोड़ा इंतजार करना होगा। अल्लू अर्जुन वर्तमान में दो प्रमुख फिल्मों के साथ बंधे हुए हैं - एक एटली द्वारा निर्देशित और दूसरी त्रिविक्रम श्रीनिवास द्वारा - जिसे पूरा होने में लगभग दो साल लगेंगे। जबकि पुष्पा 3 कार्ड पर है, यह फ्लोर पर आने से पहले धीमी गति से जलने वाली है! रविशंकर ने इवेंट में कहा, पुष्पा 3 निश्चित रूप से शुरू होने वाली है! अल्लू अर्जुन वर्तमान में निर्देशक एटली कुमार के साथ दो फिल्में और त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ एक और फिल्म कर रहे हैं। पुष्पा 3 इन दो फिल्मों के बाद आएगी। एक्टर को इन दोनों फिल्मों को पूरा करने में कम से कम दो साल लगेंगे। इसके अलावा बताया कि पुष्पा 3 साल 2028 में रिलीज होगी।

# मुश्किल दौर में भी हार नहीं मानी, आईपीएल शुरू होने से पहले इमोशनल हुए हार्दिक पांड्या



**नई दिल्ली:** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में उनके लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया, लेकिन वह मुश्किल परिस्थितियों में हार न मानने के अपने जज्बे के कारण मैदान पर डटे रहे। पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद हार्दिक को दर्शकों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने भारत की टी-20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आईपीएल के अगले सत्र की तैयारी में जुड़े इस ऑलराउंडर को उम्मीद है कि इस बार उन्हें मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों का प्यार मिलेगा। हार्दिक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के अगले सत्र से पहले कहा, मैं कभी हार नहीं मानता। मेरे करियर में कुछ ऐसे दौर भी आए, जब मेरा ध्यान जीतने के बजाय खेल में बने रहने पर लगा था।

उन्होंने कहा, मुझे एहसास हुआ कि मेरे साथ जो कुछ भी हो रहा है, इससे क्रिकेट हमेशा मेरा सच्चा दोस्त बना रहेगा। मैंने खुद का समर्थन किया और जब मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई, तो यह उससे भी ज्यादा था, जितना मैंने सोचा था। हार्दिक ने कहा, इस छह महीने के समय में हमने विश्व कप जीता और स्वदेश लौटने पर जो प्यार और समर्थन मुझे मिला उससे मैं अभीभूत था। मेरे लिए समय का पहिया पूरी तरह से 360 डिग्री घूम गया था। मुझे पूरा विश्वास था कि अगर वह पूरे लगन से अपना काम करते रहे, तो मजबूत होकर वापसी करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे बिलकुल नहीं पता था कि ऐसा कब होगा, लेकिन जैसा कि कहा जाता है, नियति की अपनी योजना थी और मेरे मामले में, अढ़ाई महीने के भीतर सब कुछ बदल गया।

# आईपीएल 2025 : उमरान आईपीएल से बाहर कोलकाता ने चेतन कारिया को किया शामिल



**नई दिल्ली: चे**तन सकारिया आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलेंगे। उन्हें उमरान मलिक के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। मलिक चोट के कारण इस सीजन में नहीं खेल पाएंगे। सकारिया को 75 लाख रुपए में केकेआर ने खरीदा है। एक समय दुनियाभर में नाम कमाने वाले सकारिया अब एक बार फिर से आईपीएल खेलते हुए नजर आएंगे। सकारिया का यहां तक आने का सफर काफी चुनौतियों से भरा रहा है। आईपीएल 2025 के लिए केकेआर ने चेतन सकारिया को उमरान मलिक के बदले में टीम में शामिल किया है। उमरान मलिक चोटिल होने के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। केकेआर ने पिछले साल भी सकारिया को खरीदा था, लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था। इस साल की नीलामी में सकारिया को कोई खरीदार नहीं मिला था। अब रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के तौर पर उन्हें केकेआर में जगह मिली है। केकेआर ने उन्हें 75 लाख रुपये में साइन किया है। सकारिया ने भारत के लिए 2021 में ही अपना इंटरनेशनल डेब्यू भी कर लिया था। उन्होंने एक वनडे मैच में दो विकेट लिए हैं, वहीं दो टी20आई मैचों में उनके नाम एक विकेट है।

आईपीएल 2025

# मुंबई में आईपीएल कैप्टंस मीट 20 को, नए बदलावों पर होगी चर्चा, टीम मैनेजर भी बुलाए




**एजेंसी/ मुंबई:** इंडियन प्रीमियर लीग की सभी टीमों के कप्तान 20 मार्च को प्री-सीजन मीटिंग के लिए मुंबई में इक्कठा होंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, यह मीटिंग दोपहर में बीसीसीआई के हैड क्वार्टर में होगी। इस कार्यक्रम में कप्तानों के अलावा सभी 10 फ्रेंचाइजी के मैनेजर को भी आमंत्रित किया गया है। बीसीसीआई और आईपीएल मैनेजमेंट ने सभी फ्रेंचाइजी को एक ईमेल भेजा है। इसमें एक मीटिंग के बारे में बताया गया है, जो एक घंटे तक चलेगी। इस मीटिंग में टीमों को आगामी सीजन के लिए नए बदलावों के बारे में बताया जाएगा।

इसके बाद ताज होटल में एक प्रोग्राम होगा। यह पूरा कार्यक्रम चार घंटे का होगा। इस दौरान सभी कप्तानों का फोटो शूट भी होगा। बंगलुरु-कोलकाता के बीच आईपीएल-2025 की शुरूआत 22 मार्च से होनी है। लीग के 18वें सीजन का ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु के बीच कोलकाता में होगा। इस बार 65 दिन में 74 मैच खेले जाएंगे। 18 मई तक लीग स्टेज के 70 मैच होंगे, जिनमें 12 डबल हेडर हैं। यानी 12 बार एक दिन में दो मैच खेले जाएंगे। फाइनल 25 मई को कोलकाता में होगा।

13 वेन्यू पर 10 टीमों के मुकाबलेः अहमदाबाद, मुंबई, चेन्नई, बंगलुरु, लखनऊ, मुल्लांपुर (मोहाली), दिल्ली, जयपुर, कोलकाता, हैदराबाद दस टीमों के होम ग्राउंड हैं। इनके अलावा गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और धर्मशाला यानी कुल 13 वेन्यू पर मैच खेले जाएंगे।

चेन्नई-मुंबई ने सबसे ज्यादा टाइटल जीतेः आईपीएल भारत का फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट है। यह हर साल मार्च से मई के दौरान टी-20 फॉर्मेट में खेला जाता है। इसकी शुरूआत 2008 में आठ टीमों के साथ हुई थी। राजस्थान ने चेन्नई को फाइनल हराकर पहले सीजन का टाइटल जीता था। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने सबसे ज्यादा 5-5 टाइटल जीते हैं। केकेआर तीन खिताब जीतकर तीसरी सबसे सफल टीम है।

## न्यूज ब्रीफ

### केन्द्रीय विद्यालय की परीक्षा को लेकर डीसी ने की बैठक



**सिमडेगाः** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में केन्द्रीय विद्यालय, सिमडेगा में 04 मई को होने वाले राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा की तैयारी से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक में केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती प्रफुल्लित लकड़ा ने उपायुक्त महोदय को बताया कि परीक्षा में कुल 97 परीक्षार्थी शामिल होंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन किया जाना है, उपायुक्त महोदय में पदाधिकारियों को नामित कर समिति का गठन हेतु आवश्यक निर्देश दिये। परीक्षा के संचालन के लिए केंद्रीय विद्यालय, सिमडेगा को ही परीक्षा केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने सभी क्लास रूम को सीसीटीवी कैमरा से अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया। इसके अलावे प्रशन पत्र को बैंक से परीक्षा केंद्र पहुंचाने व आंसरशीट को पुनः बैंक तक पहुंचाने हेतु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बहाल करने से संबंधित चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ, उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

### डीसी की अध्यक्षता में हुई टेलीकॉम समिति की बैठक

**सिमडेगाः** उपायुक्तअजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने मोबाइल टॉवर अधिष्ठापन और प्रबंधन से सम्बंधित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिओ एवं एयरटेल द्वारा जिले में अधिष्ठापन किये गये टावर की प्रखंडवार समीक्षा किया। इस दौरान उपायुक्त ने जिओ एवं एयरटेल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी टावरों को 5ॠ नेटवर्क में अपग्रेड करेंगे। साथ ही छुटे हुए राजस्व ग्राम को नेटवर्क से जोड़ने की बात कहीं। इसके अलावा उरते पंचायत में विशेष रूप से नेटवर्क अधिष्ठापन हेतु यथाशीघ्र प्रस्ताव देने की बात कहीं। झार सेवा अंतर्गत पंचायत में संचालित सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने ईडीएम को निर्देश दिया कि सभी पंचायत में बीएली द्वारा मैरिज सर्टिफिकेट बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कई पंचायत में मैरिज सर्टिफिकेट समय से निर्गत ना होने के कारण कई लाभुकों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ नहीं मिल पाता है। उन्होंने झार सेवा अंतर्गत संचालित सभी कार्यों को बेहतर रूप से संचालन करने का निर्देश दिया।
बैठक में अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र, ईडीएम श्री चन्द्रशेखर कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री संजय बखला, प्रज्ञा केंद्र संचालक सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### खराब चापानालों की मरम्मती जल्द करें : उपायुक्त

दुमका : समाहरणालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति के बैठक में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का समीक्षा बैठक आहुत की गई। बैठक में कार्यपालक अभियंता 01 एवं 02 को निदेश दिया गया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत दिसम्बर 2025 तक सभी गांवों को ओद्फ प्लस घोषित करना तथा छुटे हुए लाभुकों को शौचाल स्वीकृत करें। साथ ही साथ प्रधान मंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री जन-मन योजना के सभी लाभुकों का शौचालय स्वीकृत करने हेतु निदेश दिया गया। समुदाय स्तर पर निर्मित सामुदायिक शौचालय की मरम्मति हेतु प्रति प्रखंड में एक-एक योजना को चिन्हित कर उसका प्राक्कलन तैयार करने का निदेश दिया गया। पंचायत स्तर पर निर्मित सेग्रीगेशन शेड तथा त्रि-साइकिल का संचालन कराने हेतु सभी कनीय अभियंता को एक एक पंचायत में सुचारू रूप से संचालन तथा सहयोग राशि प्राप्त करने हेतु लोंगों को जागरूक करने का निदेश दिया गया।
जल जीवन मिशन के तहत ग्रीष्म काल का आगमन की स्थिति को देखते हुए बंद पड़े सभी चापाकलों का युद्ध स्तर पर मरम्मति कराना है। हर घर जल सत्यापन कार्य में गति लाने का निदेश दिया गया। साथ ही एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं को संबंधित ग्राम जल स्वच्छता समिति को समर्पित करने हेतु निदेश दिया गया। आंगनबाडी एवं स्कूल में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था कराने हेतु निदेश दिया गया ताकि शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सभी सहायक अभियंता, कनीय अभियता, जिला समन्वयक तथा प्रखंड वॉश समन्वयक उपस्थित थे।

### राजनीतिक दलों के साथ डीसी ने की बैठक



**गुमला :** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जिले के सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक की गई। बैठक में
सभी राजनीतिक दलों से चुनाव संबंधी सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ हीं उनसे चुनाव को लेकर सुझाव भी आमंत्रित किया गया।
बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला द्वारा निर्देश दिया गया कि गुमला जिले के छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य किया जाए। साथ ही साथ उनका मतदाता पहचान पत्र बनाया जाए।
इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि से चुनाव प्रक्रिया में आने वाले परेशानी एवं चुनाव संबंधी सुझाव भी मांगा। जिससे की चुनाव की प्रक्रिया को और बेहतर बनाया जा सके।
इसके पश्चात उपायुक्त गुमला ने ईवीएम वेयरहाउस का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम के रखरखाव हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
उक्त बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,गुमला -68 निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बिशुनपुर -69, उप निर्वाचन पदाधिकारी,गुमला एवं सभी राजनीतिक दलों के पार्टी प्रमुख एवं प्रतिनिधि उपस्थित थें।

## डीसी ने चैनपुर के बामदा के पकनी गांव का किया दौरा

# ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए दिए दिशा निर्देश

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर प्रखंड के बामदा पंचायत के पकनी गांव का दौरा उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने किया। इस दौरान उन्होंने वहां के ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना।इस गांव में कोरबा व बिरहोर जनजाति के लगभग 20 परिवार निवास करते हैं। यहां के ग्रामीण खेती बाड़ी कर अपना जीवन यापन करते हैं। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से बिजली,पानी एवं सड़क निर्माण की समस्या को उपायुक्त के समक्ष रखा। ग्रामीणों का कहना था कि इस गांव में कुछ वर्ष पूर्व जलमीनार का निर्माण किया गया था, जो कि वर्तमान में खराब पड़ा है। जिससे कि ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग को यथाशीघ्र जलमीनार ठीक कराने का निर्देश दिया।ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व सोलर एनर्जी से गांव को बिजली से जोड़ा गया था। लेकिन बिजली गरजने से सोलर एनर्जी खराब हो गया। जिसकी वजह से गांव में बिजली नहीं है। इस संबंध में उपायुक्त गुमला ने संबंधित अधिकारी को शीघ्र ही सोलर प्लांट ठीक कराने का निर्देश दिया।उपायुक्त गुमला ने वन पट्टा की स्थिति की समीक्षा की और आजीविका मिशन (खरछढर) से जुड़ी स्वयं सहायता समूह (रल्ञ्ळ) की महिलाओं से भी बातचीत की। उन्होंने गांव में निवासियों द्वारा किए जा रहे कृषि और अन्य जीविकोपार्जन हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं इन्हें और सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। साथ हीं उन्होंने वहां उपस्थित महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जुड़कर रोजगार करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि रोजगार करने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही ऋण योजनाओं का लाभ लें व सशक्त बनें एवं अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी इससे जोड़ें। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को वन धन विकास केंद्र के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने रोजगार हेतु बाहर गए लोगों को ई - श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने हेतु कहा।पकनी गांव के लोगों का कहना है कि यहां आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है। जिससे कि ग्रामीण महिलाएं एवं बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं। साथ हीं यहां



राशन डीलर भी नहीं है। उन्हें राशन उठाव के लिए काफी दूर जाना पड़ता है। जिससे कि उन्हें बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने उक्त गांव में एक सरना स्थल बनाने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों द्वारा गृह निर्माण के लिए बालू की समस्या के बारे में बताया गया।इन सभी समस्याओं के समाधान हेतु उपायुक्त गुमला ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।वहां उपस्थित महिलाओं से गैस कनेक्शन,राशन वितरण,पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी जानकारी ली गई तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ छूटे हुए पात्र नागरिकों तक पहुँचाने के निर्देश दिए गए।उन्होंने वहां आई महिलाओं से आंगनबाड़ी नियमित संचालन की जानकारी ली एवं आंगनबाड़ी से मिलने वाले पैकेट के बारे में भी जानकारी ली।महिला और शिशु स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के लिए उपायुक्त ने इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी (संस्थागत प्रसव) को बढ़ावा देने की अपील की और मातृ वंदना योजना तथा जननी शिशु योजना के तहत मिलने वाली *?6,500* की सहायता राशि की जानकारी दी। साथ ही, मोबाइल मेडिकल वैन द्वारा लगाए जाने वाले स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया।भूमि संरक्षण पदाधिकारी द्वारा ग्रामीणों को तालाब निर्माण एवं सिंचाई मशीन संबंधित योजना की जानकारी साझा की गई। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेकर खेती बाड़ी कर सकते हैं। जिसमें कि विभाग द्वारा अनुदान स्वरूप किसान को कृषि वाहन खरीदने में सहयोग किया जाएगा।उन्होंने यह भी बताया कि जिला प्रशासन द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर- *9431319825* जारी किया गया है। जिसमें की ग्रामीण कॉल कर अपनी समस्या की जानकारी दे सकते हैं।इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने ग्रामीणों को जागरूक किया और प्रखंड विकास पदाधिकारी, चैनपुर को निर्देशित किया कि सभी पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए।इसके पश्चात उपायुक्त ने नव प्राथमिक विद्यालय, पकनी में उपस्थित बच्चों से मुलाकात कर उनसे पढ़ाई संबंधित जानकारी ली। साथ हीं शिक्षक से विद्यालय में बच्चों की उपस्थिती संबंधित एवं स्कूल में मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी ली गई। इसके पश्चात आंगनबाड़ी केंद्र, पकनी का निरीक्षण किया गया और सेविका से पोषण ट्रैकर के विषय में जानकारी ली गई और गांव के अन्य छूटे हुए बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र से जोड़ने का निर्देश दिया गया।इस दौरे में एसडीओ पूर्णिमा कुमारी,बीडीओ यादव बैठा , सीओ दिनेश गुप्ता, पंचायत के मुखिया सीताराम मुंडा उपस्थित थे।

# आमजनों की सुरक्षा के लिए नो एंट्री लागू

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** उप राजधानी दुमका में यातायात की वर्तमान असुविधाओं,सड़क जाम और अक्सर हो रही दुर्घटनाओं के मद्देनजर भारी मालवाहक वाहनों की आवाजाही पर रोक हेतु दुमका अनुमंडल पदाधिकारी ने भारी वाहनों की नो-एन्ट्री का आदेश जारी किया है ।

17 मार्च 2025 को जारी किए गए आदेश में अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि वत्तर्मान समय में झारखण्ड के अन्य जिलों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से आने वाले भारी मालवाहक वाहनों का दुमका शहर में बड़े पैमाने पर प्रवेश होता है जिससे शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है । फलस्वरूप सड़कों पर पैदल-यात्रियों, छोटे-वाहनों/यात्री-बसों आदि को परिचालन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा सड़कों पर जाम की स्थिति होने से मार्ग पर यातायात बाधित रहता है ।

उन्होंने कहा कि दुमका शहर में भारी मालवाहक वाहनों का परिचालन बड़े पैमाने पर होने के कारण सड़क दुर्घटना होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है । ऐसी स्थिति में दुमका शहर में यातायात-व्यवस्था बनाये रखने एवं आमजनों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सम्पूर्ण दुमका शहर में प्रातः 08.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक भारी मालवाहक वाहनों का ठङ्ग एल्ल३१८ लागू किया जाता है ।

उन्होंने शहर के सभी थाना प्रभारी, मुफसिल थाना,दुमका नगर थाना, दिग्धी ओ०पी० थाना को निर्देश दिया है कि उक्त अवधि में दुमका शहर में भारी मालवाहक वाहनों का परिचालन बन्द रखेंगे । साथ ही, सभी उपर्युक्त स्थलों यथा विजयपुर मोड़, पुसारो पुल के पास, फुलो-झानों चौक, रामपुर चौक एवं अन्य स्थलों पर लगाते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल/चौकीदार / होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति करेंगे । साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि दुमका शहर से बाहर सभी मार्गो पर सड़क किनारे किसी भी परिस्थिति में भारी मालवाहक वाहनों का ठहराव न हो ।

उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी, दुमका/प्रखंड विकास पदाधिकारी, दुमका/कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, दुमका समय-समय पर भ्रमणशील रहकर दुमका शहर में भारी मालवाहक वाहनों का ठङ्ग एल्ल३१८ आदेश का अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे ।
यह आदेश 18 मार्च से अगले आदेश तक के लिए जारी किया गया है ।

# लोक गायकों को किया गया सम्मानित



**मेट्रो रेज संवाददाता**

लोक गीत संगीत को जीवन से जोड़ते एक नई उंचाई देने वाले भोजपुर के लाल लोक गायक अविनाश पाण्डेय लव बाबा,लोक गायक सुभाष राय बोस और लोक गायक अजीत पाण्डेय को महेंद्र मिसिर सम्मान से सम्मानित किया गया। पुरबिया सम्राट पूर्वी के जनक महान क्रांतिकारी भारत के आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ मजबूती से लड़ने वाला महेंद्र मिसिर की 160 वीं जयंती समारोह मनाया गया। 16/03/2025 से 17/03/2025 तक चलने वाले समारोह में लोक गीत संगीत का कलात्मक माहौल के बीच तिनों लोक गायकों ने दर्शकों के बीच खुद को प्रभावी रूप से रखने में कामयाबी हासिल किया। लोक गायक अविनाश पाण्डेय भोजपुरिया माटी की सोंधी खुशबू महक को विशाल जन सैलाव के बीच कलात्मक माहौल बनाएं रखा। तब है कि इन तीनों गायकों ने महेंद्र मिसिर बाबा के लोक कालजई गीतों को गाकर दर्शकों का मन मस्तिष्क मिजाज को आकर्षित कर सांस्कृतिक माहौल बना दिया। यह आयोजन कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार एवं जिला प्रशासन,सारण द्वारा आयोजित था। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि मंगल पाण्डेय स्वास्थ्य मंत्री, कला संस्कृति मंत्री बिहार सरकार, कृष्ण कुमार मंटू जी सुचना प्रोद्योगिकी मंत्री बिहार सरकार,विधान परिषद सर्वेश कुमार जी ने सामूहिक रूप से किया। महेंद्र मिसिर जी के पौत्र सुरेश कुमार मिश्र,राम नाथ मिश्र और प्रपौत्र विनय कुमार मिश्र ने लोक गायकों कलाकारों को सम्मानित किया। लोक गायक अविनाश पाण्डेय बचपन से भोजपुरिया लोक गीत पर काम कर रहे हैं। लोक गीत संगीत कला संस्कृति पर प्रभावी रूप से काम करने वाले कलाकार के रूप में इन्होंने अपना पहचान बनाया है। लव बाबा के रूप में विख्यात अविनाश पाण्डेय निर्गूण ,कजरी, पुर्वी, झुमरी,खेलवना व भीखारी ठाकुर के शैली शिल्प को अपनाते हुए खुद को भोजपुरिया माटी के लिए समर्पित किया है। अविनाश पाण्डेय का मानना है कि भोजपुरी लोक संस्कृति गीत संगीत में अपार संभावनाएं हैं,जरूरत है सतही संगीत और लोक जीवन शैली को सार्वजनिक मंच पर लाना। भोजपुरिया गीत संगीत को महेंद्र मिसिर जी ने अपने समय काल खंड में मजबूती से देश के विविध हिस्सों में रखा था।आज जरूरत है कि लोक भाषा भाखा को सृजन का हिस्सा मान सम्मान के साथ समाज में विविध कलाओं को माध्यम बनाकर दर्शकों के बीच रखना। एक सवाल के जवाब में श्री पाण्डेय कहते हैं कि भोजपुरिया संस्कृति में हर मांगलिक कार्यों के लिए संस्कारिक गीत संगीत बनें है असीम संभावनाएं हैं। जरूरत है आज लोक गीत पर गहराई से अध्ययन कर देश विदेश के सम्मानित मंच तक पहुंचाना।

## दुकानों को हटाने का आदेश टला



झारखंड हाईकोर्ट ने टाटानगर रेलवे स्टेशन के सेकंड इंट्री गेट के पास स्थित दुकानों को हटाने के आदेश पर तत्काल रोक लगा दी है। रेलवे प्रशासन ने तीन महीने पहले दुकानदारों को नोटिस देकर जमीन खाली करने का निर्देश दिया था, जिसे दुकानदारों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। दुकानदारों का दावा है कि यह जमीन टाटा स्टील की है, जबकि रेलवे इसे 327 करोड़ रुपये की पुनर्विकास योजना के तहत अधिग्रहण करना चाहती है। इस योजना में स्टेशन के विस्तार के साथ तीन मंजिला भवन बनाने का प्रस्ताव है। हाईकोर्ट के स्टे आदेश से दुकानदारों को अस्थायी राहत मिली है, लेकिन मामला कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ेगा।

## बच्चा चोरी की आशंका से ट्रेन में चेन पुलिंग

जमशेदपुर : संतरागाछी अजमेर साप्ताहिक ट्रेन में टाटानगर स्टेशन से खुलने के बाद चेन पुलिंग हो गई। इससे स्टेशन ड्यूटी रेल कर्मचारी और आरपीएफ के जवान सतर्क हो गए और दौड़कर स्लीपर कोच में पहुंचे। जहां एक महिला द्वारा चेन पुलिंग करने की पुष्टि हुई। पूछताछ में सामने आया कि महिला का बच्चा खेलते हुए दूसरे कोच में चला गया था जबकि महिला को बच्चा खोने या चोरी होने की आशंका कोई और उसने चेन पुलिंग का ट्रेन रोक दी ताकि सहायता मिल सके लेकिन आरपीएफ की जांच में दूसरे कोच से बच्चा मिल गया। इससे महिला का नाम और पीएनआर नंबर स्टेशन डायरी में दर्ज कर ट्रेन को रवाना किया गया।

## विवेकानंद शिशु मंदिर में 23को पूर्व छात्रों का होगा समागम

**कोलेबिरा :** विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में 23 मार्च को पूर्व छात्रों का समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्वाह्न 11बजे किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरातन छात्र विद्यालय या संस्थान का वास्तविक पूंजी है। पूर्व छात्रों के बीच सम्बन्ध बनाए रखने और वर्तमान पीढ़ी से जोड़ने, छात्र एवं विद्यालय के बीच सम्बन्ध बनाए रखने के लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पूर्व छात्र विद्यालय आकर विद्यालय कालीन अनुभव को जीवित कर अपना अनुभव साझा करेंगे।

# चीक बड़ाईक समाज ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड अंतरगत पतिअम्बा बडाईक टोली में चीक बड़ाईक समाज का दीवान-सरदार सम्मान समारोह का आयोजन धुम धाम से मनाया गया। समारोह में मनोहरपुर, टिनगीना,सिमरिया, ओडगा बरकीटांगर, कोलोमडेगा, कारीमाटी और अन्य गांव से समाज के बुध्दिजीवी और समाजसेवियों ने भाग लिया।चीक बडाईक समाज में पहली बार यह कार्यक्रम हुआ। चीक बडाईक समाज के संरक्षक श्री चतुर बडाईक, प्रखंड अध्यक्ष श्री माघु बडाईक, सचिव श्री फिरनाथ बड़ाइक, कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय बड़ाईक, उपाध्यक्ष जयंती देवी, उपाध्यक्ष श्री विजय बड़ाइक,पतिअम्बा मुखिया बिमवा देवी,धाधु बडाईक,सुकरा बडाईक आदि ने समारोह में समाज का मार्गदर्शन किया।

समारोह का शुरूआत समाज के अगुआ स्व भजन राम बडाईक ग्राम कारीमाटी, स्व फेकू बडाईक ग्राम कोलोमडेगा, स्व कालूराम बडाईक ग्राम पतिअम्बा,स्व उगनाथ बडाईक ग्राम पतिअम्बा,और स्व रामकुंवर बडाईक ग्राम पतिअम्बा के तस्वीर पर चंदन टीका और फुल माला पहनाकर पूजा अर्चना किया गया।समारोह में उपस्थित सभी देवियों और सज्जनों के द्वारा पुष्प,अक्षत समर्पित कर श्रद्धांजलि समर्पित किया गया।दीवान- सरदार को गमछा ओढा कर सम्मानित किया गया। श्री चतुर बडाईक के द्वारा स्व भजन राम बडाईक की जीवनी बताया गया,और स्व फेकु बडाईक की जीवनी श्री माघू बडाईक जी ने विस्तार से बताया। समारोह में वक्ताओं ने समाज की तरक्की पर विशेष रूप से फोकस डाला और कहा कि समाज को बुलंदी तक ले जाना हर सदस्य का कर्तव्य है। नशापान,शिक्षा, सामाजिक कुरीतियों सहित अन्य बिंदुओं पर भी फोकस किया गया।



सम्मान समारोह को सफल बनाने में माघु बड़ाइक,सुकरा बड़ाइक,धाधु बड़ाइक,राम बड़ाइक सहित पतिअम्बा ग्राम के नवयुवक एवं नवयुवतियों का महती भूमिका रहा।

सम्मान समारोह में उपस्थित मनोहरपुर से बोंन्दीलाल बडाईक स्व भजन राम बडाईक के मझिला सुपुत्र, हरिशंकर, ललित प्रकाश, स्व फेकु बड़ाईक के धर्म पत्नी करमी देवी,मंझले पुत्र नरेन्द्र बड़ाईक,छोटे पुत्र विभूतिनाथ बड़ाईक, पुत्री-दामाद,लालू बडाईक,करिया बडाईक,जेठू बडाईक, रामपाल बडाईक,किशन बड़ाईक, धर्मेन्द्र बड़ाईक,मंगरनाथ बड़ाइक, इंद्रजीत बड़ाइक,सीता देवी,मुनी देवी कारीमाटी से सुमति देवी सहित समाज के काफी में सदस्य उपस्थित थे।